

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 | वर्ष: 03, अंक: 330 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोद पाओगे: पीएम मोदी

## राज्यसभा में पीएम बोले-कांग्रेस के वक्त डील यानी बोफोर्स घोटाला: ये मोहब्बत की दुकान मोदी की कब्र खोदने की बात करती है

**नई दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि भारत आज विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार है और दुनिया के देश भारत के साथ व्यापारिक संबंध बनाने को आतुर हैं। भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए समझौते ने दुनिया को भरोसा दिया है और अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते ने इसे गति का एहसास कराया है। वर्तमान में दुनिया में वैश्विक दक्षिण (विकासशील देश) चर्चा का विषय बने हुए हैं। इसका सूत्रधार भारत है और वैश्विक मंचों पर उनकी आवाज बुलंद कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर दिया। इस दौरान उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में विपक्ष पर निशाना साधा और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने राहुल गांधी के राजनीतिक नारे मोहब्बत की दुकान को जुमला बताया और कहा कि ऐसा कहने वालों के अंदर असल में नफरत भरी है। विपक्ष उनकी सरकार की उपलब्धियां के चलते मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लोग मुझे पूछते हैं कि मेरी सेहत का राज क्या है और मैं कहता हूं कि मैं रोज दो किलो गाली खाता हूं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस नेतृत्व पर तंज कसा और कहा कि चोरी इनका पुश्तैनी पेशा रहा है और उन्होंने एक गुजराती (महात्मा गांधी) का सरनेम चुरा लिया। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी के भाजपा नेता नवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहे जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सदन के एक सदस्य को सिख होने के कारण ऐसा कहा गया।



### मोदी ने राहुल को शातिर दिमाग युवराज बताया, कहा- पार्टी बदल दी तो गद्दार हो गए?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच की घटना का भी जिक्र किया। इस दौरान पीएम मोदी ने राहुल के गद्दार वाले बयान पर निशाना साधते हुए उन्हें शातिर दिमाग युवराज बता दिया। पीएम मोदी ने कहा, कल जो घटना घटी, इसी सदन के सांसद कांग्रेस के शातिर दिमाग युवराज ने उन्हें गद्दार कह दिया। अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है उनका। कांग्रेस को छोड़कर कितने लोग निकले हैं। कई लोग दूसरे देशों में गए हैं। और किसी को तो उन्होंने गद्दार नहीं कहा है।

उन्होंने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कल लोकसभा में पेपर उछाले जाने की घटना का भी उल्लेख किया और कहा कि विपक्ष ने इस दौरान चेयर पर मौजूद पूर्वोत्तर के एक साथी और आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य का अपमान किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के कितने ही टुकड़े हुए हैं, कितने लोग पार्टी छोड़कर गए हैं, लेकिन किसी और को उन्होंने (राहुल गांधी) गद्दार नहीं कहा। उन्होंने उस सदस्य (बिट्टू) को गद्दार इसलिए कहा, क्योंकि वे एक सिख हैं। यह सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था।

### हमारा देश युवा होता जा रहा: पीएम

पीएम ने कहा कि कहा, राष्ट्रपति ने बहुत ही बढ़िया तरीके से पूरी संवेदनशीलता के साथ इस विषय को हम सबके सामने प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति जी ने इस देश के मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि... सभी विषयों को विस्तार से रखते हुए भारत की प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने



कहा, देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की है। हर वर्ग के सामर्थ्य को उन्होंने शब्दांकित किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एक विश्वास व्यक्त किया है। ये हम सभी के लिए प्रेरक है।

**दूसरा क्वार्टर क्यों है निर्णायक?**

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुका है, लेकिन यह दूसरा क्वार्टर भी उतना ही निर्णायक है।

### कांग्रेस में सिखों के प्रति जो कूट-कूटकर नफरत भरी हुई है

राज्यसभा में प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान पहले विपक्ष ने शोर-शराबा किया और कुछ समय बाद सदन से बाहिर्गमन किया। बाकी समय प्रधानमंत्री ने विपक्ष की अनुपस्थिति में चर्चा का जवाब दिया। नारेबाजी के दौरान प्रधानमंत्री विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के खड़े होकर नारे लगाने पर कहा कि उनकी आयु अधिक है और वे चाहते हैं कि वे अपनी सीट पर बैठकर नारे लगाएं। वहीं विपक्ष के बाहर जाने पर उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले थक के बाहर चले गए हैं।




प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में राज्यसभा सदस्य सदानंद मास्टर के चर्चा में भाग लेने और पहली बार सदन में बोलने पर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि वैचारिक असमानता के कारण एक शिक्षक (सदानंद मास्टर) के पैर काट दिए गए। इसके लिए इंडी अलायंस जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, कटे हुए पैर से वे जिंदगी गुजार रहे हैं, लेकिन संस्कार इतने ऊंचे हैं कि वाणी में भी अपशब्द नहीं निकलता है। ऐसे व्यक्तित्व को, सदानंद जी मास्टर को मैं हृदय से अभिनंदन करता हूं। क्योंकि इतने हमले के बाद भी देश की सेवा का अपना व्रत जारी रखा और आज देश के नीति-निर्धारण में अपना योगदान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए आज अवसर ही अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना की बात है कि खुद को राजा मानने वाले असमानता की बात कर रहे हैं। कुछ लोग खुद को राजा मानते हैं और आर्थिक असमानता की बात कर रहे हैं, यही दिन देखने को रह गए थे।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी सदस्य सदन में घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के समृद्ध देश अपने यहां से गैरकानूनी नागरिकों को बाहर निकाल रहा है। वहीं हमारे देश में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों पर प्रेशर डाला जा रहा है। देश का नौजवान ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने पर बैंकिंग क्षेत्र में गैर निष्पादित संपत्ति बहुत ज्यादा थी। उनकी सरकार के प्रयास से आज यह 1 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के निगम आज संभल रहे हैं। आज नीति आयोग बहुत तेजी से काम कर रहा है। आकांक्षी जिलों से जुड़ी योजना दुनिया के लिए प्रेरणा बन रही है। प्रगति प्लेटफार्म से देश के विकास को गति मिली है और 85 लाख करोड़ की अटकी परियोजनाएं पूरी हुई हैं।

# हत्या की तरह है चाइनीज मांझे से होने वाली मौत : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/एजेंसी**

प्रदेश में चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। उनका मानना है कि किसी व्यक्ति की चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली मृत्यु हत्या की तरह है। इस तरह के मामलों में संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चाइनीज मांझे की बिक्री ही नहीं, बल्कि भंडारण व परिवहन पर भी कठोर नजर रखी जाएगी।

**जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: योगी**

सीएम योगी ने प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझे की आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस अभियान की प्रगति और कार्रवाई की उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।







# डीएम एसएसपी द्वारा आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत धर्मगुरुओं एवं वरिष्ठ नागरिको के साथ की गयी पीस कमेटी की बैठक

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिला पंचायत सभागार में आगामी पर्व महाशिवरात्रि के सम्बन्ध में जनपद के समस्त धर्मगुरुओं व वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी

जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति द्वारा बैठक में कावड यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु प्रमुख मार्ग से दूरी व सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने के साथ ही खाना पकाने वालों व उनके सहयोगियों का सत्यापन करने के पश्चात ही अनुमति देने को निर्देशित किया, विद्युत तारों के नीचे व विद्युत ट्रांसफॉर्मर के बराबर में कावड़ यात्रा शिविर न लगाने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा निकलने के दौरान डी0जे0 कम ध्वनि से बजाने तथा अधिक ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा के दौरान शिविर लगाने हेतु धन उगाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने कहा कि पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार आगामी महाशिवरात्रि को सौहार्द के साथ मनाएं।

साथ ही उन्होंने ने सड़क पर कार्यक्रम तथा गैर परंपरागत कार्यक्रम न करने के निर्देश दिए एव समस्त धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाने को निर्देशित किया। जनपद में संवेदनशील मार्गो पर नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।




बैठक में जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करने व पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एव कावड़ यात्रा निकलने के दौरान मार्गो पर पानी की टैंकरों की व्यवस्था एव वैकल्पिक जनरेटरो की व्यवस्था तथा चूना डाले जाने हेतु निर्देशित किया तथा विद्युत अधिकारियों को त्यौहारों पर बिना कटौती के पूर्ण विद्युत आपूर्ति करने तथा कावड़ यात्रा व महाशिवरात्रि के दौरान विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को कावड यात्रा व महाशिवरात्रि के दौरान मार्गो पर कैम्प लगाकर दवाई की समुचित आपूर्ति, हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर शराब की दुकानों को ढकवाने के निर्देश दिए और कावड़ यात्रा निकलने वाले मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद वासियो से आगामी महाशिवरात्रि के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को सौहार्द पूर्ण रूप से मनाने अपील की गयी ।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रमोद कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भरत राम यादव, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।

## तमंचा कारतूस के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे







**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** एसपी अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा देर रात को अभियुक्त बाबूलाल यादव पुत्र स्व0 छोटे लाल यादव निवासी ग्राम मौजमाबाद थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर को एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 के साथ किया गया गिरफ्तार ।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारन्टियों की गिरफ्तारी अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा अपहरण से सम्बंधित वांछित अभियुक्त नीतेश सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह चौहान निवासी बहरामपुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालल भेजा गया।

## डिप्टी सीएम का एसपी और डीएम ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के आगमन पर जिलाधिकारी फतेहपुर रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर रामाडियन होटल में पुलिस गार्द द्वारा सलामी दी गई।

## जिलाधिकारी ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

### चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज "गॉव की समस्या, गॉव में समाधान" के अन्तर्गत विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम-गुवारा तैयबपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूँछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, बच्चों को पाठय पुस्तक का वितरण हुआ या नहीं तथा ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम में स्थित विद्यालय का निरीक्षण कर 19 पैरामीटर के तहत कराए गए कार्यों, निपुण तालिका व शिक्षा की गुणवत्ता की जॉच कर आख्या उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने सी.एच.ओ. से ग्राम में एच.आर.पी. महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि एच.आर.पी. महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं ड्यूलिस्ट के अनुसार टीकाकरण किया जाय।

जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को ग्राम में कैम्प लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिव को ग्राम के सभी हैण्डपम्पों के रिबोर कराकर क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पं0) को ग्राम में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 281 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की भी अपील की तथा जिला कृषि अधिकारी को शेष किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए।

ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि संगम गेस्ट हाउस से ग्राम तक के संपर्क मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया गया था, जो खराब हो गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के माध्यम से सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता, जल निगम ने कहा कि ग्राम में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत मार्च, 2026 से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन गुवारा तैयबपुर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।

## सीएम योगी आदित्य नाथ ने माघ मेला में किया बेहतर व्यवस्थाएं

### स्वामी हरि नारायण समदर्शी जी महाराज ने कहा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले का माघी पूर्णिमा के बाद समापन हो गया है। ? माघ मेले में आए श्रद्धालु, कल्पवासी और साधु संत लगभग वापस लौट गए हैं। हालांकि माघ मेले का औपचारिक समापन 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के साथ होगा लेकिन इस बार माघ मेले में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। ?माघी पूर्णिमा तक 21 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

## कप्तान के सराहनीय पहल से पीड़ितों को मिल रहा न्याय, पीड़ितों ने कहा धन्यवाद एसपी साहब

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद कौशाम्बी में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।



इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार हो तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## मलवा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारन्टियों की गिरफ्तारी अ अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना मलवा पुलिस द्वारा स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बंधित वांछित अभियुक्त तेजविन्दर उर्फ तेजी पुत्र जगजीत निवासी ग्राम डोमचेरी थाना मोरेन्डा जनपद रुपनगर राज्य पंजाब उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालल भेजा गया ।

## एक गांजा सप्लायर गिरफ्तार, गांजा बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खागा पुलिस द्वारा देर रात को समय 23.45 बजे ऐलई रोड रेलवे अन्डरपास से बहदग्राम हरदो थाना खागा जनपद फतेहपुर से अभियुक्त विकेश कोरी पुत्र मुन्ना लाल कोरी निवासी मजीजगंज कस्बा व थाना धाता जनपद फतेहपुर उम्र करीब 35 वर्ष को किया गया गिरफ्तार,कब्जे से 1 किलो 237 ग्राम नाजायज गांजा बरामद।

# पुलिस के प्रयास से दो परिवार साथ रहने को हुए राजी





**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र टीम द्वारा 13 फाइलों की काउंसलिंग की गई, जिसमें काउंसलिंग के दौरान 02 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति दोनों पक्षों का समझौता कराया गया तथा दोनों पक्ष (पति-पत्नी) को उनके जीवन के पारिवारिक कर्तव्यों को बताते हुए समझाया गया। दोनों पक्षों (पति-पत्नी) द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम आपसी सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षो (पति-पत्नी) का सुलह समझौता कराया गया । दोनों पक्षों द्वारा बताया गया कि अब हम दोनो पक्ष एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षो को सलाह दिया गया कि अपने से बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें।

## तमंचा कारतूस संग युवक बंदी




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** कप्तान अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर असोथर पुलिस अपराधियों की तलाश में चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष असोथर ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियक्त रामू सिंह उर्फ बिट्टी सिंह पुत्र स्व० चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम कुसुंभी थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 42 बर्ष को चोरी की मोटर साइकिल व एक अवैध तमन्चा 315 व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार।

## यूपी बोर्ड के हाईस्कूल, इण्टर के परीक्षा की तैयारियां पूरी : डीआईओएस परीक्षा में शामिल होगे 195912 परीक्षार्थी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा संस्था उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन और पारदर्शी ढंग से कराए जाने को लेकर यूपी बोर्ड ने खास इंतजाम किए हैं। यूपी बोर्ड ने प्रिंटिंग प्रेस में छपाए गए प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं जिलों में भेजी जा रही हैं। हर जिले में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) की मौजूदगी में जनपद मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को रखा जा रहा है। इसके बाद परीक्षा से पहले हर परीक्षा केंद्रों पर इसे कड़ी सुरक्षा में भेजा जाएगा।

प्रयागराज जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जीआईसी में डीआईओएस पीएन सिंह अन्य मातहत अधिकारियों एडीआईओएस की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों और कापियों को सुरक्षित रखा जा रहा है।




डीआईओएस पी एन सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले में कुल 333 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर जिले को 8 जोन 33 सेक्टरों में बांटा गया है। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिले में आठ सचल दल बनाए गए हैं। सचल दलों में कार्मिकों की नियुक्ति भी कर दी गई है। डीआईओएस ने बताया कि डीएम से अनुमति प्राप्त कर प्रश्न पत्रों और कापियों को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा है कि 10 फरवरी से प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं जिले के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच भेजी जाएंगी।

डीआईओएस पी एन सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में कुल मिलाकर 195912 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। जिले में 11 संवेदनशील और आठ अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीआईओएस ने बताया कि जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना पहासू पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर बनेल बम्बा की पटरी से दो शातिर वाहन चोरो को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता

अर्जुन पुत्र लटूरी सिंह निवासी ग्राम रायपुर स्टेशन थाना अतरौली जनपद अलीगढ. जयराम उर्फ जयकिशन उर्फ जयभगवान पुत्र बदन सिह निवासी अजीजाबाद थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर ।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में दिखी बच्चां की नवाचार क्षमता- डीएम

## जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी से बच्चों में बढ़ी वैज्ञानिक सोंच

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चां द्वारा विज्ञान विषय पर बनाए गए विविध नवाचार मॉडलों का अवलोकन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में बच्चां ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नवीकरणीय उर्जा, स्वच्छता, तकनीकी नवाचार एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से सम्बन्धित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपने-अपने मॉडलों के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा उनके कार्य सिद्धान्त को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।





जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कम्पोजिट विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा शिल्पा को टेबलेट, प्रशस्ति-पत्र व शिक्षण सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय बैगवां की छात्रा शशि यादव, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय सैयद सरावां की छात्रा इकरा बेगम, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हरौली के छात्र नितेश एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली कम्पोजिट विद्यालय पुनवार की छात्रा हिमानी चौरसिया को टेबलेट, प्रशस्ति-पत्र व शिक्षण सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ब्लॉक मंझनपुर की टीम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सरसवां की टीम एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मूरतगंज की टीम के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, शिक्षण सामग्री व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बच्चां द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में कृषि, पर्यावरण एवं दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान को दृष्टिगत रखकर तैयार किए गए उत्कृष्ट मॉडल की प्रशंसा करते हुए बच्चां का उत्साहवर्धन किया।

# पर्यावरणीय व्यय अपर्याप्त, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में बजट सन्तुलित : प्रो मनमोहन कृष्ण

## अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों पर बजट में दिया गया है ध्यान : पंकज जायसवाल






**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आर्य कन्या महा विद्यालय में कौटिल्य अर्थशास्त्र परिषद तथा आईक्यूएसी की ओर से "केंद्रीय बजट 2026 - 27 पर व्याख्यान सत्र का आज आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता चेयर प्रोफेसर नीति आयोग भारत सरकार तथा पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो मनमोहन कृष्ण थे।

उन्होने बताया कि जब हमारा देश आजाद हुआ था, तब हमारी नीति अर्थव्यवस्था के सभी पक्षों पर ध्यान देने की थी, परन्तु 1991 के बाद से सरकार की नीति मार्ग-दर्शन, सहायता एवं सहयोग को है,जिसके कारण सरकार केन्द्रीय बजट 2026 - 27 में रक्षा एवं अद्यसंरचना अर्थात पब्लिक गुड्स को प्राथमिकता दे रही है, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को सहयोग प्रदान कर रही है। आपने पॉलिसी- मायोपिया, माइक्रो - मैक्रो पैराडॉक्स पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों के मध्य- लिंग व आय के स्तर पर बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त की। पर्यावरणीय व्यय की मात्रा को अपर्याप्त बताया तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में बजट को सन्तुलित बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि यह बजट विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्य की तरफ बढते हुये दीर्घकालिक विकास को सशक्त करता है जिसके लिये अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो अर्चना पाठक ने किया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन डॉ दामिनी श्रीवास्तव, डॉ सोनम गुप्ता ने किया।

## कोर्ट के आदेश पर 7 माह बाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**घर में घुसकर दंपति और बेटे को मारपीट कर जख्मी करने का आरोप**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया।** थाना क्षेत्र के फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर निवासिनी राजकली पत्नी राम अवध का आरोप है कि 5 जुलाई को गांव के ही चंद्रजीत, इंद्रजीत और दूधनाथ उसकी पशुशाला और चरही को तोड़कर अवैध निर्माण करने लगे। जिसको पुलिस ने एसडीएम फूलपुर के आदेश पर आकर रुकवा दिया था। लेकिन पुलिस के जाने के बाद सभी लोग घर में घुस आए और मेरा गला दबा कर हत्या करने की कोशिश करने लगे। बचाव करने के लिए मेरे पति राम अवध और मेरा बेटा गुलाब सिंह आए तो उनको भी लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। सरकारी एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैलहा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उनको एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। राजकली के अनुसार उसने उसी दिन बहरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी। जिससे परेशान होकर राजकली ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कहा कि विपक्षी मेरे इकलौते बेटे की हत्या करना चाहते हैं और पुलिस मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर बुधवार की रात में बहरिया पुलिस ने चंद्रजीत, इंद्रजीत, दूधनाथ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है।

## सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक आयोजित की जाएगी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज।** 9 फरवरी 2026 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के कौड़िहार बाजार रोड पर भा कि यू अराजनैतिक संगठन की एक समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।प्रयागराज मंडल के मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे समेत चारों जिला अध्यक्ष रहेंगे समीक्षा बैठक के बाद तहसील सोराव जिला प्रयागराज के कौड़िहार नवाबगंज टिकरी एवं कई अन्य गांव में जो किसानों की बिना सहमति लिए जबरन आवास विकास परिषद प्रयागराज के द्वारा जमीन अधिग्रहण किए जाने के विरोध में कौड़िहार में रोड टिकरी में बैठक कर बैठक में उक्त सभी गांव के सैकड़ो किसान उपलब्ध रहेंगे ज्ञापन पत्र माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए अपर जिला अधिकारी सत्यम मिश्रा एवं उप जिला अधिकारी तहसील सोरांव को दिया जाएगा।

## सुबह 10 से शाम 5 बजे बंद रहेगी शांतिपुरम पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति

**फाफामऊ।**विद्युत विवरण उपखण्ड शांतिपुरम के अंतर्गत शांतिपुरम उपकेन्द्र में 10 एमवीए पावर परिवर्तक की स्थापना एवं 11 केवी कंट्रोल पैनल के मरम्मत का कार्य किया जाएगा जिसके लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शांतिपुरम पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी शांतिपुरम पावर हाउस के जेई सतीश यादव ने यह जानकारी दी है।

## डीएम की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक , जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति बैठक संपन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद जनपद प्रयागराज की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति बैठक गुरुवार को कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई क

जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति के समक्ष सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा पैक्स कम्पूटराइजेशन में अब तक हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया क प्रथम चरण में 27 बी-पैक्स का चयन किया गया था जिसका डाटा फीडिंग एवं संतुलन पत्र मिलान का कार्य शीर्ष बैंक द्वारा नियुक्त सिस्टम इंटीग्रेटर नेक्टर इंफोटेल सोलूशन्स कंपनी द्वारा कराया जा रहा है क कुल चयनित 27 बी पैक्स में से कुल बी 08 बी-पैक्स ए-ढअउर में कन्वर्ट हो चुकी है एवं उक्त में अद्यतन फीडिंग का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है क द्वितीय चरण में कुल 10 B-PACS में 08 का ऊठअटक्ऊ ऊअ एठऊकिया जा रहा है एवं 10 में से शेष 02 बी-पैक्स में DYNAMIC DAY END का कार्य प्रक्रियाधीन है क जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

कि वर्ष 2025-26 से पूर्व प्रथम एवं द्वित्तीय चरण में चयनित कुल 37 बी पैक्स का कार्य पूर्ण कराते हुए E-PACS में परिवर्तित करना सुनिश्चित करे क बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति सदस्य डी0आई0ओ0, एन0आई0सी०,टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (टी0डी0एम0) बी0एस0एन0एल०, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ,सहकारिता,सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक ,चयनित प्रारंभिक कृषि ऋण सहकारी समिति पैक्स के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

## घर के सामने खड़ी महिला को ट्रक ने रौंदा,इलाज के दौरान मौत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर** । घर के सामने सड़क की पटरी पर खड़ी महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में महिला के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने गंभीरावस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही घंटों में महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चक अब्दुल करीम पूरे भुलई गांव निवासिनी आशा देवी 50 पत्नी रामनरेश विश्वकर्मा बुधवार दोपहर घर के सामने सड़क की पटरी पर कहीं जाने के लिए खड़ी थी। तभी फूलपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को जोरदार टक्कर मारते हुए रौद दिया। दुर्घटना में महिला के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूचना पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने गंभीरावस्था में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चार बजे घायल महिला की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतका के चार पुत्र व एक पुत्री हैं। मृतका के भतीजे विजय चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद घटनास्थल से भाग रहे ट्रक को ग्रामीणों ने चालक सहित पकडकर पुलिस को सौंप दिया।

# बीएसए ने 155 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों में एमआर किट का किया वितरण

## समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चें हुए लाभान्वित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए एमआर किट का वितरण कार्यक्रम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, प्रयागराज के सहयोग से जिला परियोजना कार्यालय मम्फोर्डगंज में आज आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने जनपद के 155 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को एमआर किट का वितरण किया गया। किट पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा विकास पांडे ने किया।

कार्यक्रम में राजीव त्रिपाठी जिला समन्वयक, मध्यान्ह भोजन सहित जनपद के समस्त स्पेशल एजुकेटर, फिजियोथैरेपिस्ट तथा बेसिक शिक्षा कार्यालय के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक एवं विकासात्मक सहयोग हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताइ।

## चोरी के तीन मोबाइल बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा चोरी से सम्बन्धित एक अभियुक्त विवेक श्रीवास्तव पुत्र स्व0 श्याम बिहारी श्रीवास्तव निवासी ग्राम गोराजू थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को बिहका रोड़ थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम

उ0नि0 बृजेश चौरसिया, का0 विनोद कुमार यादव. का0 राहुल यादव थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

## सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अवश्य सम्मिलित हो- डीएम

**राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अर्ह मतदाताओं का फार्म-6 भरवायें जाने का किया अनुरोध**



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अभियान के अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रमानुसार दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु दिनांक 06.02.2026 को अन्तिम तिथि निर्धारित है, जिसमें मात्र एक दिन ही शेष है। अतः आपसभी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि आपके द्वारा नियुक्त बीएलए की मदद से दिनांक 06.02.2026 को अर्ह मतदाताओं का फार्म-6 भरवायें, जिससे कि उनका नाम 06 मार्च, 2026 को प्रकाशित होने वाली अन्तिम सूची में सम्मिलित हो सके। उन्होंने कहा कि जो भी सदस्य 01.01.2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर-2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले है, वे सभी अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने हेतु फार्म-6 घोषणापत्र के साथ भरकर सम्बंधित बूथ लेवल अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें, ऐसे सभी नए मतदाताओं का नाम प्रकाशित होने वाली अन्तिम सूची में सम्मिलित हो जायेगा। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से नए वोटर्स बनाये जाने में सहयोग करने के लिए एवं बीएलओ से सम्पर्क कर ज्यादा से ज्यादा अर्ह मतदाताओं का फार्म-6 अनुलग्नक-4 सहित घोषणापत्र के साथ बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा के द्वारा बताया गया कि आलेख नामावली में कुल 35,36,555 पंजीकृत मतदाता है, जिनमें 32,47,898 मतदाताओं की मैपिंग हुई है तथा 2,88,657 (8.16 प्रतिशत) मतदाता नो मैपिंग श्रेणी में है।

## प्रयागराज जंक्शन से 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बरामद कर सकुशल परिजन के किया गया सुपुर्द



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में बढ़ती चोरी/छिनैती की घटनाओं की रोकथाम, बच्चों की अवैध तस्करी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के मद्देनजर चलायें जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे अरूण कुमार पाठक के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह थाना जीआरपी प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में थाना जीआरपी प्रयागराज की पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन प्रयागराज जं0 पर अपने परिजन से बिछड़े/गुम हुई एक 17 वर्षीय नाबालिक बालिका बरामद हुई जिससे पूंछताछ कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसके परिजन से संपर्क स्थापित कर सकुशल सुपुर्दगी में दिया गया ।

बुधवार को रेलवे स्टेशन प्रयागराज जं0 पर ड्यूटीरत महिला क्यू0आर0टी0 द्वारा एक नाबालिग बालिका उम्र 17 वर्ष जो प्लेटफार्म पर अकेली बैठी थी, नाबालिक बालिका मुस्कान (काल्पनिक नाम ) उम्र करीब 17 वर्ष जो अपने घर से नाराज होकर चली आई थी, जिसे थाना लाकर दिवसाधिकारी द्वारा महिला पुलिसकर्मी की मदद से पूछताछ कर बालिका उपरोक्त के परिजन के मोबाईल नं0 9202831325 पर सूचना देते हुए बालिका उपरोक्त को चाइल्ड लाइन आवासित कराया गया था।

## प्रो (डा) आरपी वर्मा को बेस्ट एजुकेशन अवार्ड, राष्ट्रीय गौरव आईकान अवार्ड आफ इंडिया 28 को

**चयन बोर्ड के अध्यक्ष रहते किया था बोर्ड में दर्जन भर सुधार**



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद प्रो (डा) आरपी वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेस्ट एजुकेशन अवार्ड, राष्ट्रीय गौरव आईकान अवार्ड आफ इंडिया 28 फरवरी को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान ग्लोबल अचीवर्स कौंसिल संस्था प्रदान कर रही है। यह जानकारी संस्था के आफिस सेक्रेटरी जेएस राना ने दी है। चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रो (डा) आरपी वर्मा ने संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि साहित्य से समाज, देश की सेवा सदैव करता रहूंगा. चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रो (डा)आरपी वर्मा उप्र के अम्बेडकर नगर निवासी है।

# महिलाओं में बढ़ते कैंसर पर जागरूकता जरूरी: डॉ. सोनिया सिंह

## ओपीडी में 200 मरीजों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, जांच, बचाव की दी जानकारी




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नारायण स्वरुप इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस एवं नारायण स्वरुप हॉस्पिटल की ओर से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल एवं नर्सिंग संस्थान के मार्गदर्शन में संचालित किया गया, जिसमें क्षेत्र की जनता एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का व्यापक प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डा सोनिया सिंह, डा राजीव सिंह, डा सेफाली चन्द्रा और डा वंदिता ठाकुर के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रेजेंटेशन, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता एक्ट के माध्यम से कैंसर से बचाव, कैंसर होने के कारण, प्रारंभिक लक्षण तथा आयुर्वेदिक एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावी संदेश दिए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से न केवल क्षेत्रीय जनता बल्कि अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल की ओपीडी में लगभग 200 से अधिक मरीजों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, जांच एवं बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. सोनिया सिंह ने महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर जैसे स्तन कैंसर एवं बच्चेदानी (सर्वाइकल / यूटेरस) कैंसर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समय पर जांच, नियमित स्क्रीनिंग एवं जीवनशैली में सुधार से इन कैंसरों से बचाव संभव है। डॉ. राजीव सिंह ने समाज में तेजी से बढ़ते कैंसर के कारणों पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण तथा असंतुलित खान-पान आज कैंसर के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। उन्होंने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि तेजी से वजन कम होना, भूख न लगना, लगातार कमजोरी, मल-मूत्र या खांसी-उल्टी में खून आना, बिना दर्द के आवाज में बदलाव, निगलने में कठिनाई, शरीर में गांठ या सूजन तथा लंबे समय तक रहने वाला दर्द जैसे लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि यदि ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेकर ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एफएनएसी और बायोपिक सहित आवश्यक जांचें करानी चाहिए, जिससे कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में पकड़कर सफल इलाज संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान चार ऐसे कैंसर सर्वाइवर मरीजों को भी सम्मानित किया गया, जिनका सफल ऑपरेशन हो चुका है और जो आज सामान्य एवं स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। इन मरीजों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों के भीतर आशा और आत्मविश्वास का संचार किया।

अंत में यह भी बताया गया कि नारायणसुख अस्पताल में कैंसर की जांच एवं उपचार की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहाँ अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा कैंसर रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा रहा है। अस्पताल भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करता रहेगा।

## संपादकीय

### सोशल मीडिया: संवाद का माध्यम या निजता का संकट ?

आज संचार क्रांति का युग है।हर कोई सोशल मीडिया,एआइ का प्रयोग कर रहा है। आधुनिक दौर में सोशल मीडिया ने हमारे अनेक कार्यों को आसान और सरल बनाया है। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल मीडिया ने संवाद को जितना सरल और व्यापक बनाया है, उतना ही जटिल निजता का प्रश्न भी खड़ा कर दिया है। आज व्यक्ति अपने जीवन के निजी क्षण-तस्वीरें,रील बनाकर अपने विचार, स्थान और दिनचर्या स्वेच्छा से सार्वजनिक मंचों पर साझा कर रहा है। यह सब आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर साझा करना कभी-कभी आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होता है, तो कई बार अनजाने में अपनी निजता को जोखिम में डालने का कारण बन जाता है। लाइक और ह्यव्यू की होड़ में निजी सीमाएँ धुंधली होती जा रही हैं। यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो आज के समय में तकनीक हमारी ज़िंदगी की पल-पल की अहम् व महत्वपूर्ण जरूरत बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने काम आसान और तेज कर दिए हैं, लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है-निजता का खतरा। आज के समय में अधिकांश लोगों के पास स्मार्टफोन है और वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि ऐप या प्लेटफॉर्म पर साइन-अप करते समय जो निजी जानकारी वे देते हैं, उसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। कई बार यह जानकारी हमारी अनुमति के बिना किसी और को दी जा सकती है। बहरहाल,यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ही नहीं आज संपूर्ण विश्व स्तर पर स्मार्टफोन उपयोग तेजी से सर्वव्यापी हो चुका है। 2025 के आसपास उपलब्ध ताजा वैश्विक अनुमानों के अनुसार दुनिया में लगभग 6.8-7.1अरब लोग स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं, जबकि सक्रिय स्मार्टफोन डिवाइसों की संख्या 7 अरब से अधिक मानी जाती है, क्योंकि कई उपयोगकर्ताओं के पास एक से अधिक फोन हैं। इसका अर्थ यह है कि वैश्विक आबादी का करीब 85झ्र90 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में स्मार्टफोन से जुड़ चुका है। यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार बन चुका है।साल 2024-2025 के आंकड़ों के अनुसार भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 65-70 करोड़ (650-700 मिलियन) है, जो कुल जनसंख्या का करीब 45-50 प्रतिशत बैठती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और 4जी/5जी नेटवर्क के विस्तार के कारण यह संख्या तेजी से बढ़ रही है और विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार 2026 तक भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 100 करोड़ के आसपास पहुँच सकते हैं ।

## भारत का बजट 2026-27 साथ-साथ चल सकते हैं आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन

**आशीष कुमार चौहान**

केंद्रीय बजट 2026-27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और माननीय वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है। इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से घटकर 4.3% कर दिया गया है और कर्ज से जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। इससे भारत वित्त वर्ष 2031 तक 50% (थ्1%) के लक्ष्य की ओर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सब मिलकर निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियाँ भरोसेमंद हैं।

इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का सबसे बड़ा आधार बना हुआ है। सार्वजनिक कैपेक्स में करीब 12% की बढ़ोतरी कर इसे ?12.2 लाख करोड़ किया गया है। इसका मकसद निजी निवेश को आकर्षित करना, उत्पादकता बढ़ाना और लॉजिस्टिक्स लागत कम करना है। बजट में वित्तीय बाजारों को और मजबूत करने के लिए संतुलित कदम भी उठाए गए हैं। इनमें डेरिवेटिव्स पर एसएसटी बढ़ाना ताकि जरूरत से ज्यादा सट्टेबाजी पर रोक लगे, आरईआईटी के जरिए पीएसयू संपत्तियों का मुद्रीकरण, बॉन्ड इंडेक्स डेरिवेटिव्स की शुरूआत, और कॉरपोरेट बॉन्ड्स के लिए बेहतर मार्केट मेकिंग व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी में आय पर कर छूट की अवधि 10 साल से बढ़ाकर 20 साल कर दी गई है, जिससे यह एफपीआई के लिए और ज्यादा आकर्षक बन जाएगी। अर्बन फाइनेंस को मजबूती देने के लिए नगरपालिका बॉन्ड्स पर दोबारा जोर दिया गया है। साथ ही, विदेशी मुद्रा और पूंजी बाजारों में किए गए नियामकीय सुधारों से व्यापार करना आसान होगा और भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव और मजबूत होगा। इसके अलावा, एनआरआई को भारतीय शेयर बाजार में सीधे पोर्टफोलियो निवेश की अनुमति देकर लंबे समय के डायस्पोरा पूंजी को देश की विकास यात्रा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बजट भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें रणनीतिक और उभरते हुए क्षेत्रों जैसे सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, बायो-फार्मा, रेयर अर्थ्स, पर्यटन और टेक्सटाइल उद्योग को प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों पर जोर देकर सरकार का लक्ष्य इनोवेशन को बढ़ावा देना, निर्यात बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार पैदा करना है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 में वित्तीय समझदारी, इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिये विकास, वित्तीय बाजारों को गहरा करना और भविष्य के लिए तैयार सुधारों का संतुलित मेल दिखता है। यह बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में भारत की यात्रा के लिए मजबूत नींव रखता है।

# हवा-पानी-मिट्टी ही नहीं, अब रिश्ते भी प्रदूषित हो रहे हैं

**मनमनोहन**

**आज परिवारों में संवादहीनता और सहनशीलता की कमी ने उस संस्कार-कवच को नष्ट कर दिया है, जो कभी संयुक्त परिवारों के रूप में समाज को संबल देता था। कोरोना काल और उससे जुड़े अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले लोगों ने भावनात्मक सहयोग के कारण कठिन परिस्थितियों का अधिक सशक्त ढंग से सामना किया। इसके विपरीत, एकल परिवारों में अकेलापन और असुरक्षा की भावना अधिक गहराई से उभरी**

आज प्रदूषण की चर्चा केवल वायु, जल या मृदा तक सीमित नहीं रही। यह धीरे-धीरे मानवीय संबंधों की उस पवित्र भूमि तक पहुँच चुका है, जहाँ कभी विश्वास, प्रेम, समर्पण और सहअस्तित्व के बीज बोए जाते थे। विडंबना यह है कि आज शायद ही कोई ऐसा रिश्ता बचा हो, जिसकी निष्कलुषता पर स्वार्थ, संदेह या अहंकार की परछाईं न पड़ी हो। परिवार, जो कभी सुरक्षा और संस्कार का सबसे सुदृढ़ केंद्र हुआ करते थे, आज स्वयं असंतोष, अविश्वास और विघटन की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। पारिवारिक जीवन से प्रेम, सहयोग, सामंजस्य और सहनशीलता जैसे मूल तत्व तेजी से लुप्त हो रहे हैं। इनके स्थान पर छल, कपट, धोखाधड़ी और वैमनस्य ने जगह बना ली है। आधुनिक मनुष्य इतना आत्मकेंद्रित और लोभग्रस्त होता जा रहा है कि वह रिश्तों को तोड़ते समय न तो संकोच करता है और न ही किसी प्रकार का पश्चाताप अनुभव करता है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज में पारिवारिक विघटन, तलाक और विवाह-पूर्व ह्यलिव-इन रिलेशनशिपह्ल की घटनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं। संयुक्त परिवारों का एकल परिवारों में सिमटना केवल संरचनात्मक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-मनोवैज्ञानिक असंतुलन का संकेत भी है, जिसका सीधा प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। अपराध, नशावृत्ति और अवसाद की ओर युवाओं का झुकाव इसी टूटते पारिवारिक ताने-बाने की एक गंभीर परिणति है। मेरे दृष्टिकोण से रिश्तों का यह क्षरण पर्यावरणीय प्रदूषण से भी अधिक घातक है, क्योंकि यह समाज की आत्मा को भीतर से खोखला कर देता है। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट ह्यक्राइम इन इंडियाह्ल (सितंबर 2025) से भी होती है। वर्ष 2023 में महिलाओं के विरुद्ध 4.48 लाख से अधिक अपराध दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 31.4 प्रतिशत मामले पति या उसके परिजनों द्वारा की गई क्रूरता से संबंधित थे। इसी प्रकार बच्चों के विरुद्ध दर्ज 1.77 लाख अपराधों में पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले 96 प्रतिशत से अधिक मामलों में आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित का परिचित या संबंधी ही था। हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी ह्यपारिवारिक कलहह्ल एक प्रमुख कारण के रूप में उभरकर सामने आई है। ये आँकड़े केवल अपराध की नहीं, बल्कि रिश्तों के गहरे नैतिक पतन की कहानी कहते हैं।

सनातन संस्कृति में परिवार को सदैव ह्यसंस्कारों की प्रयोगशालाह्ल माना गया है। भारतीय परिवार व्यवस्था कभी ऐसी नैतिक शक्ति का स्रोत थी, जिसकी ओर पाश्चात्य समाज भी आकृष्ट होता था। किंतु आज वही परिवार अपनी परंपराओं, मूल्यों और सांस्कृतिक अनुशासन से दूर होता जा रहा है। युवा पीढ़ी का बढ़ता स्वकेंद्रित दृष्टिकोण इस संकट को और गहरा कर रहा है। कैरियर, भौतिक सुख-सुविधाएँ और व्यक्तिगत स्वतंत्रता उसकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर हैं, जबकि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व हाशिये पर खिसकते जा रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि पवित्र वैवाहिक बंधन के स्थान पर अस्थायी संबंधों को अधिक स्वीकार्यता मिल रही है। इस सामाजिक परिवर्तन का एक और चिंताजनक संकेत गिरती प्रजनन दर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार शहरी भारत में कुल प्रजनन दर 1.6 तक पहुँच चुकी है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से काफी नीचे है। यह आँकड़ा भविष्य में एक ऐसे समाज की ओर संकेत करता है, जहाँ बुजुर्ग अकेलेपन से जूझेंगे और पारिवारिक सहारा एक दुर्लभ मूल्य बन जाएगा। लोकसभा की 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय युवा ह्यएकाकीपनह्ल का अनुभव कर रहे हैं, जो आगे चलकर अवसाद और नशे जैसी प्रवृत्तियों को जन्म दे सकते हैं। यूनिसेफ की विभिन्न रिपोर्टें भी यह स्पष्ट करती हैं कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के पीछे पारिवारिक कलह एक बड़ा कारण है।

आज परिवारों में संवादहीनता और सहनशीलता की कमी ने उस संस्कार-कवच को नष्ट कर दिया है, जो कभी संयुक्त परिवारों के रूप में समाज को संबल देता था। कोरोना काल और उससे जुड़े अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले लोगों ने भावनात्मक सहयोग के कारण कठिन परिस्थितियों का अधिक सशक्त ढंग से सामना किया। इसके विपरीत, एकल परिवारों में अकेलापन और असुरक्षा की भावना अधिक गहराई से उभरी। यह समझना आवश्यक है कि आजीविका के कारण भौगोलिक दूरी विवशता हो सकती है, किंतु मन की दूरी केवल हमारे अहंकार और विकृत प्राथमिकताओं का परिणाम है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ह्यपरिवार प्रबोधनह्ल जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य सामाजिक संगठनों के लिए अनुकरणीय भी है। 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में परिवार को पुनः विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता का केंद्र बनाना केवल संस्थाओं का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

ऋग्वेद की शाश्वत प्रार्थना संगच्छध्वं संवदध्वं हमें साथ चलने और संवाद बनाए रखने का संदेश देती है। यदि समय रहते सांस्कृतिक और पारिवारिक चेतना को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो हमारी गौरवशाली परंपरा केवल आँकड़ों और इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी। समय की माँग है कि विकास की दौड़ में हम अपनों का हाथ न छोड़ें, क्योंकि सशक्त समाज की नींव सुदृढ़ रिश्तों पर ही टिकी होती है।

# एपस्टीन फाइल्स: लोकतंत्र का आईना या सत्ता का कवर-अप?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



**अमेरिकी** न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक की जा रही एपस्टीन फाइल्स केवल एक आपराधिक कांड का खुलासा नहीं हैं, बल्कि वे आधुनिक लोकतंत्रों की पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्ता-संरचना पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। जेफरी एपस्टीन—एक ऐसा नाम, जो वित्तीय वैभव, राजनीतिक पहुँच और यौन शोषण के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्याय बन चुका है—की मृत्यु के छह वर्ष बाद उसके दस्तावेज सामने आ रहे हैं। इन फाइल्स का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि ये दिखाती हैं कि किस प्रकार सत्ता, पूंजी और गोपनीय नेटवर्क लोकतांत्रिक संस्थाओं को भीतर से प्रभावित करते हैं। नवंबर 2025 में अमेरिकी कांग्रेस ने एपस्टीन फाइल्स पारदर्शिता अधिनियम पारित किया। इसके तहत जनवरी 2026 तक 33 लाख से अधिक पृष्ठ सार्वजनिक किए जा चुके हैं। इनमें ई-मेल संवाद, उड़ान लॉग, संपर्क सूचियाँ, वित्तीय लेन-देन और जांच एजेंसियों की आंतरिक रिपोर्टें शामिल हैं। इन दस्तावेजों में अमेरिका ही नहीं, बल्कि कई देशों के राजनीतिक, कारोबारी और कूटनीतिक हलकों के संदर्भ सामने आए हैं। भारत का नाम भी इन्हीं संदर्भों में उभर कर आया है, जिसने इस बहस को और तीखा बना दिया है। जेफरी एपस्टीन का नेटवर्क कोई साधारण अपराध नहीं था। न्यूयॉर्क से फ्लोरिडा और कैरिबियन द्वीपों तक फैले इस जाल में दुनिया के कई प्रभावशाली लोगों के शामिल होने के आरोप रहे हैं। 2019 में अमेरिकी जेल में उसकी रहस्यमय मौत के बाद वर्षों तक फाइल्स सील रहीं। लेकिन पीड़ितों के दबाव, मीडिया की पड़ताल और न्यायिक हस्तक्षेप ने सरकार को इन्हें सार्वजनिक करने के लिए बाध्य किया। जुलाई 2025 में जारी पहले बैच में गिस्लेन मैक्सवेल के मुकदमे से जुड़े कई नाम सामने आए। ट्रंप, क्लिंटन और ब्रिटिश शाही परिवार से जुड़े संदर्भ पहले ही चर्चा में थे, लेकिन नए दस्तावेजों ने बहस को वैश्विक स्तर पर फैला दिया। भारत से जुड़े आरोपों और दावों ने स्वाभाविक रूप से राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अप्रत्यक्ष उल्लेख, उद्योगपति अनिल अंबानी से संबंधित कुछ ई-मेल और पूर्व राजनयिक हर्ष पुरी के नाम सामने आने का दावा किया गया है। 2017 के कुछ ई-मेल संवादों में यह संकेत दिया गया है कि अमेरिकी राजनयिक नियुक्तियों, अंतरराष्ट्रीय बैठकों और प्रभाव-निर्माण में एपस्टीन से सलाह ली गई। एक ई-मेल में एपस्टीन द्वारा यह दावा किया गया है कि उसने भारत-इजरायल कूटनीतिक संवाद के दौरान अमेरिकी नेतृत्व को प्रभावित करने में भूमिका निभाई।

भारत सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और कचरा करार दिया है। सरकार का यह कहना स्वाभाविक है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे आरोप गंभीर होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि यदि आरोप असत्य हैं, तो स्वतंत्र और पारदर्शी जांच से परहेज क्यों? लोकतंत्र में सरकार की विश्वसनीयता केवल खंडन से नहीं, बल्कि जांच और जवाबदेही से स्थापित होती है। यह विवाद केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका में भी ट्रंप प्रशासन पर आरोप लगे हैं कि उसने दस्तावेजों को जारी करने में अनावश्यक देरी की और कुछ हिस्सों को छिपाने की कोशिश की। रिपब्लिकन सांसद थॉमस मैसी और डेमोक्रेट नेताओं ने न्यायिक निगरानी की मांग की है। इससे स्पष्ट होता है कि दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र भी सत्ता और पारदर्शिता के टकराव से अछूता नहीं है। भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में यह बहस और गहरी हो जाती है। हमारा राजनीतिक तंत्र पहले ही प्रॉक्सी नेतृत्व, कॉरपोरेट प्रभाव और अपारदर्शी निर्णय-प्रक्रियाओं की आलोचना झेल रहा है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण मिला है, लेकिन कई जगह वास्तविक सत्ता आज भी प्रॉक्सी पुरुषों के हाथों में है। यह केवल स्थानीय स्तर की समस्या नहीं, बल्कि सत्ता-संरचना की व्यापक प्रवृत्ति को दशार्ती है—जहां औपचारिक लोकतांत्रिक ढाँचे के पीछे अनौपचारिक नेटवर्क निर्णय लेते हैं। एपस्टीन फाइल्स इसी प्रवृत्ति का वैश्विक रूप हैं। सतह पर लोकतंत्र चमकता है, लेकिन भीतर संपर्क, धन और गोपनीयता का खेल चलता है। भारत में कोहिनूर विवाद, राफेल सौदा या चुनावी बॉन्ड जैसी व्यवस्थाओं पर उठे सवाल इसी कारण विश्वास के संकट को जन्म देते हैं। जब पारदर्शिता अधूरी होती है, तो अफवाहें और संदेह स्वाभाविक रूप से पनपते हैं। वैश्विक स्तर पर ये फाइल्स पूंजीवाद और सत्ता के गठजोड़ को उजागर करती हैं। एक ऐसा अभिजात्य वर्ग, जहां कानून अक्सर कमजोर पड़ जाता है और प्रभावशाली लोग जवाबदेही से बच निकलते हैं। भारत जैसे उभरते लोकतंत्र के लिए यह चेतावनी है। हमारी अर्थव्यवस्था वैश्वीकरण के दौर में तेजी से आगे बढ़ रही है—विदेशी निवेश, स्टार्ट-अप संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ बढ़ रही हैं। लेकिन क्या हमारी संस्थाएँ इतने मजबूत हैं कि वे छिपे हुए प्रभाव-जालों का सामना कर सकें?

राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। 2029 के आम चुनावों से पहले ऐसे खुलासे राजनीतिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। विपक्ष का कर्तव्य है कि वह सवाल उठाए, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है कि संसद में गंभीर और तथ्यात्मक बहस हो। सर्वोच्च न्यायालय को, आवश्यकता पड़ने पर, स्वतः संज्ञान लेना चाहिए ताकि संस्थागत विश्वास बना रहे। समाधान के रास्ते स्पष्ट हैं। पहला, भारत से जुड़े सभी संदर्भों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच—राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त। दूसरा, संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों के विदेशी संपर्कों का नियमित सार्वजनिक प्रकटीकरण। तीसरा, सूचना के अधिकार को और मजबूत करना तथा राजनीतिक फंडिंग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना। अंतरराष्ट्रीय मंचों, जैसे जी-20, पर साइबर और वित्तीय पारदर्शिता को एजेंडा बनाना भी जरूरी है।

एपस्टीन फाइल्स केवल एक व्यक्ति या कांड की कहानी नहीं हैं। वे यह बताती हैं कि लोकतंत्र की असली परीक्षा सत्ता से सवाल पूछने में है। यदि हम सवालों को दबा देंगे, तो सत्ता का आईना धुंधला होता जाएगा। ग्रामीण भारत की आंगनवाड़ी कार्यकताओं से लेकर संसद और वैश्विक मंचों तक—हर स्तर पर जवाबदेही लोकतंत्र की प्राणवायु है।

समय रहते सुधार किए गए, तो लोकतंत्र मजबूत होगा। अन्यथा रहस्य, नेटवर्क और अपारदर्शिता लोकतांत्रिक संस्थाओं को भीतर से खोखला करती रहेंगी। सत्ता जवाबदेह हो—यही गणराज्य का मूलमंत्र है।

# भारत ने फिर दिखाया सामर्थ्य

**मृत्युंजय दीक्षित**



**भारत और** अमेरिका के मध्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ टैरिफ वॉर अब समझौते के साथ समापन की ओर अग्रसर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में उछल आया और निवेशकों के चेहरे खिल उठे। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती दिखी। यूरोपियन यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के बाद से अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिका दबाव में आ गया है और उसे भारत की व्यापार चिंताओं का सम्मान करना ही पड़ेगा और अंततः ऐसा हुआ भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे बात की। वह सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के शक्तिशाली नेता हैं। हमने एक नहीं कई मुद्दों पर बात की जिसमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। मोदी के लिए दोस्ती और उनके सम्मान के चलते और उनकी मांग पर तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसमें अमेरिका भारत पर लगाए गए टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है। जैसे ही सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया, वैसे ही भारत में भी हलचल तीव्र हो गई। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अमेरिका के साथ हो रहे समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बहुत समय तक धैर्य रखा, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। अमेरिका की ओर से की गई इस घोषणा से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी। भारत सर्वाधिक लाभ में: भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौता हुआ है उसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलने जा रहा है।टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के बाद भारत इस मामले में पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अधिक लाभ में आ गया है। चीन और पाकिस्तान की तुलना में भारत पर अब कम टैरिफ है। इंडोनेशिया, बांग्लादेश और वियतनाम भारत से अधिक टैरिफ वाले देश बन चुके हैं। वर्तमान समय में बांग्लादेश और वियतनाम पर 20, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगा हुआ है। समाचार यह भी है कि अब भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा रहा है कि इसे संभावित रूप से शून्य तक ले जाया जा सकता है। यह भारत की वर्तमान व्यापार नीति में बाजार पहुंच के सबसे बड़े बदलावों में से एक है। जैसे ही भारत अमेरिकी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलेगा कई अमेरिकी वस्तुएं भारतीय उपभोक्ताओं के लिए काफी सस्ती हो जाएंगी।

भारतीय बाजार में लैपटॉप, गैजेट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की कीमतें कम हो सकती हैं। घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान हो जाएगी।निर्यात के मोर्चे पर भी भारत को बहुत लाभ होने जा रहा है। अमेरिका से टैरिफ कम हो जाने के बाद हमारे टैक्स्टाइल, आभूषण और रत्न निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन सेक्टर्स के अलावा भारत का चमड़ा और फुटवियर उद्योग अमेरिका को हर वर्ष 1.18 अरब, केमिकल उद्योग 2.34 अरब और इलेक्ट्रिक और मशीनरी उद्योग 9 अरब डॉलर का निर्यात करता है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय व्यापार अगले कुछ वर्षों में 500 अरब डॉलर की ओर 5 गुना गति से बढ़ेगा और नए व्यापार समझौते से भारी आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। अमेरिका के साथ डील फाइनल हो जाने के कारण अब एक नई सप्लाई चेन मिल गई है जिसका लाभ भी भारत को मिलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद भारत की जीडीपी वृद्धि बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो सकती है। टैरिफ कटौती से भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश, वातावरण और वाह्य संतुलन को समर्थन मिलेगा। गोल्डमैन एक्स का मानना है कि अगर यह टैरिफ लागू रहता है तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा। अब ट्रेड पॉलिसी को लेकर अनिश्चितता कम हो जाएगी। उद्योग जगत इसे भरोसा बढ़ाने वाला कदम मान रहा है और एफआईआई की वापसी से बाजारों में सकारात्मक वातावरण बनने की संभावना बताई जा रही है। भारत और अमेरिका के मध्य हुआ समझौता इंगित करता है कि अब पूरी दुनिया भारत में व्यापार के माध्यम से निवेश के नए अवसर खोज रही है। यह समझौता न सिर्फ भारत की विकास आकांक्षाओं को गति देगा बल्कि देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और नवाचार का केंद्र बनाने के लक्ष्य को भी मजबूती देगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## चालक समेत कार पुलिस ने हिरासत में लिए

**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रयागराज।** बुधवार को एक मोटर साईकिल सवार को कार ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद चालक भागने का प्रयास किया लेकिन स्थानीय लोगो ने उसे दबोचकर पुलिस को शौप दिया . जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के बाघराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडित का पूरा निवासी राजेश त्रिपाठी उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र स्व श्यामजीत त्रिपाठी बुधवार को अपने मोटर साईकिल के नवनिर्मित रामवन गमन मार्ग हाइवे से प्रयागराज की तरफ जा रहे थे वह तेज रफ्तार कार की टक्कर से

**बाइक सवार की दर्दनाक मौत**
**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** नवनिर्मित रामवन गमन मार्ग हाईवे पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक वृद्ध बाइक सवार की जान चली गई। तेज रफ्तार बलेनो कार की टक्कर से बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया है। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर साइकिल



के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के बाघराय थाना क्षेत्र के पंडित का पूरा निवासी राजेश त्रिपाठी 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्यामजीत त्रिपाठी बुधवार को अपनी मोटरसाइकिल से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह लालगोपालगंज के जहानाबाद गांव के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेश त्रिपाठी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी प्रभारी मनीष कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही कार और उसके चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

**भागने की कोशिश में कीचड़ में फसा चालक**
हादसे के बाद चालक ने कार मौके पर छोड़ कर भागने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही दूरी पर स्थित एक कीचड़ के मलबे में फंस गया स्थानीय लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए चालक को पकड़कर पुलिस को शौप दिया ।

## सार संक्षेप

### दहेज हत्या के आरोपित पति समेत तीन गिरफ्तार

**नोएडा।**

थाना जारचा क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें आज कोर्ट में पेश कर दिया है।
थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि चार दिन पूर्व एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल में फंदे से लटका हुआ मिला था। इस मामले मे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना के बाद से महिला के ससुराल पक्ष के लोग फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने बीती रात को दहेज हत्या के आरोपित ससुर गोपाल, पति लोकेश और जेठ उमेश को एनटीपीसी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। लोकेश की शादी शिवानी से वर्ष 2025 में हुई थी। उसके पिता का आरोप है की शादी के समय से ही उसकी बेटी के ससुराल पक्ष लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। उनके उत्पीड़न के चलते उसने आत्महत्या किया है।

### विवाहिता दो बच्चों के साथ घर का सामान लेकर पड़ोसी के साथ फुर्र

**मुरादाबाद।**

मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला अपने साथ दो बच्चे और घर से सभी कीमती सामान लेकर चली गई। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने शिकायतकर्ता के पड़ोसी युवक के खिलाफ बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
थाना मझोला के नया गांव आंबेडकर नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि छजलैट थाना क्षेत्र गांव फलैदा निवासी अभिषेक उसके पड़ोस में अपनी ताई के घर में रहकर काम करता था। आरोप है कि बीते 30 जनवरी को आरोपित अभिषेक उसकी पत्नी को अपने साथ ले गया। पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी अपने दो बच्चे व घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान भी साथ ले गई। बताया जा रहा है फरार हुई महिला आरोपित युवक के साथ ही रहने पर अड़ी हुई थी।

### पंचायत चुनाव से पहले 55 लग्जरी गाड़ियों का 10 किमी लंबा भौकाली जुलूस

**पुलिस बोली, बच्चा पैदा होने की मनाई जा रही थी खुशी**

**झांसी।**

पंचायत चुनाव से पहले झांसी जिले के एक गांव में शक्ति प्रदर्शन का अनोखा मामला सामने आया है। एक युवक ने 55 महंगी गाड़ियों का काफिला निकालकर गांवों में अपना भौकाल दिखाया। इस जुलूस में ऑडी, थार, स्कॉर्पियो, बलेनो और इनोवा जैसी लग्जरी गाड़ियां शामिल रहीं। कई गाड़ियों पर भाजपा और सपा के झंडे लगे थे, जबकि कुछ गाड़ियों में हूटर भी बजते रहे।
सबसे आगे चल रही लाल रंग की ऑडी कार की नंबर प्लेट पर राव साहब लिखा हुआ था। काफिले की अगुवाई खुद युवक ने की। कार के सनरूफ से बाहर निकलकर वीडियो बनाया गया, वहीं अन्य गाड़ियों में सवार युवक खिड़कियों और दरवाजों से बाहर लटकते नजर आए। तेज आवाज में डीजे बजाते हुए यह काफिला करीब 10 किलोमीटर तक ग्राम पंचायत के एक गांव से दूसरे गांव तक घूमता रहा। मामला मंगलवार का है, लेकिन इसका वीडियो बुधवार को सामने आया।

## रवि काना की रिहाई का मामला: जेलर के बाद जेल अधीक्षक भी निलंबित

**बांदा।**
यूपी में नोएडा के कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविंद्र नागर उर्फ रवि काना की बिना वैध न्यायिक आदेश के जिला कारागार बांदा से रिहाई के मामले में शासन ने सख्त रुख अपनाया है। जेलर के निलंबन के पांच दिन बाद अब जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम को भी बुधवार शाम निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई विशेष सचिव कारागार अनीता वर्मा के आदेश पर की गई। निलंबन के साथ ही जेल अधीक्षक को कारागार मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।
बताते चलें कि कुख्यात गैंगस्टर रविंद्र नागर उर्फ रवि काना जो अगस्त 2024 में बांदा जेल में बंद था।

# सीएम योगी आदित्य नाथ ने माघ मेला में किया बेहतर व्यवस्थाएं

## स्वामी हरि नारायण समदर्शी जी महाराज? ने कहा

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 13वीं पीढ़ी के वंशजों के गुरु है स्वामी हरि नारायण समदर्शी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। संगम की** रेती पर आयोजित माघ मेले का माघी पूर्णिमा के बाद समापन हो गया है। माघ मेले में आए श्रद्धालु, कल्पवासी और साधु संत लगभग वापस लौट गए हैं। हालांकि माघ मेले का औपचारिक समापन 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के साथ होगा लेकिन इस बार माघ मेले में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। ?माघी पूर्णिमा तक 21 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। ? योगी सरकार ने भी



इस बार माघ मेले को मिनी कुंभ की तौर पर आयोजित किया था। यही वजह है कि देश के कोने-कोने से आए साधु संतों भी माघ मेले के आयोजन को लेकर योगी सरकार की सराहना की है। महाराष्ट्र के पुणे से आए युवा संन्यासी सिद्धेश्वर पुरुषार्थ बालक आश्रम के अध्यक्ष स्वामी हरि नारायण समदर्शी जी महाराज? ने माघ मेले के दिव्य और भव्य आयोजन को लेकर योगी सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि योगी सरकार के नेतृत्व में आयोजित हो रहे कुंभ, महाकुंभ और माघ मेले लगातार सनातन की गरिमा को बढ़ा रहे हैं। युवा संन्यासी सिद्धेश्वर पुरुषार्थ बालक आश्रम के अध्यक्ष स्वामी हरि नारायण समदर्शी जी महाराज? ने कहा है कि वह महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की 13वीं पीढ़ी के वंशजों के गुरु हैं। इस नाते वह देश की युवा पीढ़ी से आह्वान कर रहे हैं कि वह छत्रपति शिवा जी के बताए हुए मार्ग पर चले क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सनातन धर्म को बचाने के लिए त्याग और बलिदान दिया था इसलिए युवाओं को उनके त्याग और बलिदान को याद दिलाने और बताने की जरूरत है। तभी हमारा सनातन मजबूत हो सकता है। हालांकि उनका है कि सनातन अगर एकजुट रहेगा, तो उस पर कभी कोई खतरा नहीं आएगा।

# सैनी क्षेत्र के ग्राम कानेमई में हत्या का सफल खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

## सैनी क्षेत्र के ग्राम कानेमई में हत्या का सफल खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। थाना सैनी क्षेत्र** के ग्राम कानेमई में हुई हत्या की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, जला हुआ जैकेट, मृतक के मोबाइल के अवशेष तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।
पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया दिनांक 02 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 6 बजे थाना सैनी को सूचना मिली कि ग्राम कानेमई



निवासी गणेश प्रसाद की हत्या कर दी गई है और उनका शव गांव के बाहर स्थित मकान के सामने टिन शेड के नीचे चारपाई पर पड़ा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मृतक के सिर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए। तहरीर के आधार पर थाना सैनी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था
घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार ने शीघ्र अनावरण और गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर आवश्यक निर्देश दिए। गठित टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त आकाश पुत्र पुजारी लाल निवासी कानेमई को मुखबिर की सूचना पर भौंतर गांव के पास तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।
पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि लगभग चार माह पहले वह मृतक की पुत्री को अपने साथ भगा ले गया था, जिसके कारण मृतक द्वारा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था और उसे लगातार परेशान किया जा रहा था। इसी रंजिश में उसने हत्या की योजना बनाई और एक फरवरी की रात कुल्हाड़ी से वार कर गणेश प्रसाद की हत्या कर दी। घटना के बाद उसने सबूत मिटाने के लिए मोबाइल और खून लगे जैकेट को जला दिया तथा कुल्हाड़ी तालाब में फेंक दी।
पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि थाना सैनी पुलिस की सक्रियता और निष्पक्ष कार्रवाई के चलते घटना का सफल खुलासा हुआ तथा मामले में नामजद एक निर्दोष व्यक्ति को जेल जाने से बचाया जा सका। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश: 11 जिलों के पुलिस कप्तान समेत 24 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में बुधवार देर रात को पुलिस अधिकारियों का तबादला हुआ है। शासन ने 11 जिलों के पुलिस कप्तान समेत 24 आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं।
तबादले के क्रम में पुलिस महानिदेशक/ अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन सुजीत पाण्डेय को पुलिस महानिदेशक अग्निशमन आपात सेवाएं मुख्यालय लखनऊ का पदभार सौंपा गया हैं। प्रवीण कुमार को पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र से हटाकर लखनऊ जोन का नया अपर पुलिस महानिदेशक बनाया है। के. एस. इमानुएल को पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू के पद से मुक्त करते हुए डीजीपी का जीएसओ नियुक्त किया है।
विनोद कुमार सिंह को संयुक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर




नगर से पुलिस महानिरीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद, गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी, गोरखपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया है। सोमेन वर्मा को पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर से पुलिस उपमहानिरीक्षक आयोध्या बनाया हैं। इसी तरह संकल्प शर्मा को पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक खीरी से संयुक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ में तैनात विपिन टाडा को संयुक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर में तैनात आशीष तिवारी को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं लखनऊ, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद से प्रताप गोपेंद्र यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ में नवीन तैनाती दी गई है।

**11 जिलों के पुलिस कप्तान बदले**
शासन ने 11 जिलों के पुलिस कप्तान बदले है। इनमें कुंवर अनुपम सिंह को पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर बनाया है।

## चलती बाइक से रील बनाना युवक को पड़ा भारी, मौत

**रायबरेली।**
चलती बाइक पर रील बना रहे एक युवक को भारी पड़ गया,सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर से युवक की बाइक टकरा गई। जिसमें उसकी मौत हो गई जबकि पीछे बैठे किशोर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।
गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के केसरुवा निवासी सुभाष(20) व कृष्ण कुमार(16) बुधवार देर शाम बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने बाइक चलाते समय ही रील मोबाइल पर बनाना शुरू कर दिया। जैसे ही वे अटौरा गांव में आधारशिला कॉलेज के पास



पहुंचे, बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से टकरा गई।
टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के सम्मान में किया प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। भा**जपा सरकार के द्वारा मनरेगा योजना के नाम बदले जाने के विरोध में मंझनपुर मुख्यालय स्थित कांग्रेस मुख्यालय से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है मनरेगा योजना जो गरीबों की हितकारी योजना थी उसे भी वह नाम बदलकर समाप्त करना चाहती है और उनका अधिकार छीनता है कांग्रेस पार्टी ने जो भी कदम देश की जनता के लिए उठाया वह देश की हित में था वर्तमान सरकार केवल चंद उद्योगपतियों के इशारे में कार्य करती है भाजपा केवल जाति और धर्म की राजनीत करती है उसके पास




जनता की मूल मुद्दों पर जरा से भी ध्यान देने का समय नहीं है केवल उद्योगपतियों का सत्कार चाहती है इसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता और "राष्ट्रपिता"थे,जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ब्रिटिश शासन से भारत को आजाद कराया। उनके द्वारा अपनाए गए 'सत्याग्रह'और अहिंसक प्रतिरोध ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष नैय्यर रिजवी ने बताया कि मनरेगा की प्रमुख विशेषताएं:
ग्रामीण वयस्कों को 100 दिनों का रोजगार और आय सुरक्षा प्रदान करना ।कानूनी गारंटी: रोजगार एक कानूनी अधिकार है। लेकिन सरकार का नाम बदलने का खेल बंद नहीं हो रहा है ये जनता की सरकार नहीं बल्कि चंद उद्योगपतियों की सरकार है ।तत्पश्चात कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है, जिसे 2 2009 को विधान द्वारा अधिनियमित किया गया। यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है हम इस योजना और गरीबों के अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे. ! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,श्याम मूर्ति त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष व मनरेगा कार्यक्रम को आर्डिनेटर मोहम्मद अकरम,दीपक पाण्डेय बाबू जी,कौशलेश द्विवेदी महासचिव सुरेंद्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,आसिफ अल्वी,सेवादल जिलाध्यक्ष जमशेद अहमद,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, नगर करारी शकील अब्बास,नगर अध्यक्ष अझुवा विजय यादव, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, मीना देवी,लालती देवी,श्याम कली,शोभा देवी,निर्मला देवी,गिरजा देवी, तीजा देवी, रमेश यादव,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत,नोखेलाल यादव इंद्रपाल,बिफई लाल,जीतू मिश्रा तबरेज अहमद,मोहम्मद नईम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रॉयल एनफील्ड की दिसंबर की बिक्री में आया उछाल

**नई दिल्ली ।**

रॉयल एनफील्ड कंपनी फिलहाल भारतीय बाजार में 350सीसी से 650सीसी सेगमेंट तक कुल नौ मॉडल बेचती है और खास बात यह है कि लगभग सभी अपने-अपने सेगमेंट में अग्रणी बने हुए हैं। रॉयल एनफील्ड ने दिसंबर 2025 में एक बार फिर अपने सबसे लोकप्रिय मॉडल क्लासिक 350 की बदौलत मजबूत सेल्स दर्ज कीं।

इन सबमें क्लासिक 350 कंपनी के लिए 'सोने का अंडा देने वाली मुर्गी' साबित हो रही है। दिसंबर में इसकी सबसे ज्यादा 34,958 यूनिटें बिकीं, जो पिछले साल के मुकाबले 5,321 यूनिट अधिक हैं। इस मॉडल ने सालाना आधार पर 17.95फीसदी की शानदार ग्रोथ दर्ज की और 37.52फीसदी मार्केट शेयर हासिल किया। बुलेट 350 भी बिक्री में तेजी से आगे बढ़ी। दिसंबर 2025 में इसकी 24,849 यूनिटें बिकीं, जो दिसंबर 2024 की तुलना में 76.87फीसदी की ग्रोथ है। वहीं हंटर 350 ने 20,654 यूनिटों की बिक्री के साथ 50.28फीसदी की तेजी दर्ज की। मीटिओर 350 की बिक्री भी 10,097 यूनिट के साथ 58.61फीसदी बढ़ी। हालांकि हिमालयन, 650 ट्विन, गुरिल्ला और शॉटगन जैसे मॉडल इस बार पिछड़ गए। इनमें हिमालयन की 23.81फीसदी, 650 ट्विन की 48.91फीसदी, गुरिल्ला की 49.88फीसदी और शॉटगन की 42.62फीसदी की सालाना गिरावट रही। फिर भी कंपनी की कुल बिक्री बहुत मजबूत रही।



दिसंबर 2025 में रॉयल एनफील्ड ने कुल 93,177 यूनिटें बेचीं, जो दिसंबर 2024 के 67,891 यूनिट के मुकाबले 25,286 यूनिट ज्यादा हैं। यानी कंपनी ने सालाना आधार पर 37.24 फीसदी की दमदार ग्रोथ हासिल की। क्लासिक, बुलेट और हंटर ने लगातार तीसरी बार शीर्ष तीन पोजीशन पर कब्जा बनाए रखा और यह इस बात का संकेत है कि 350सीसी सेगमेंट में रॉयल एनफील्ड की पकड़ अभी भी बेहद मजबूत है। इन आंकड़ों से साफ है कि कंपनी का 350सीसी पोर्टफोलियो भारतीय बाजार में लगातार भरोसे का प्रतीक बना हुआ है।

# डिओ 125 स्कूटर का नया एक्स-एडिशन पेश

**नई दिल्ली ।**

दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा ने अपने लोकप्रिय 125सीसी स्कूटर सेगमेंट में डिओ 125 का नया एक्स-एडिशन पेश किया है। इसमें इंजन या परफॉर्मेंस से जुड़ा कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन इसके कॉस्मेटिक अपडेट इसे स्टैंडर्ड डिओ 125 से काफी अलग और ज्यादा स्पोर्टी बनाते हैं। होंडा डिओ 125 एक्स-एडिशन को दो नए आकर्षक रंगों में उतारा गया है, जिनमें पियर्ल सिरेन ब्लू और पियर्ल डीप ग्राउंड ग्रे शामिल हैं। यह डुअल-टोन कलर स्कीम स्कूटर को फंकी और यूथफुल अपील देती है। बॉडी पर दिए गए नए ग्राफिक्स और रेड कलर के अलॉय व्हील्स इसके लुक में जबरदस्त कॉन्ट्रास्ट जोड़ते हैं। खासतौर पर लाल अलॉय व्हील्स इस स्कूटर को भीड़ से अलग पहचान दिलाते हैं और इसे एक स्पोर्टी कैरेक्टर देते हैं। फीचर्स के मामले में यह स्कूटर डिओ 125 के एच-स्मार्ट वैरिएंट जैसा ही है। इसमें टीएफटी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, कॉल और एसएमएस अलर्ट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। ये सभी सुविधाएं इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए काफी प्रैक्टिकल बनाती हैं। इंजन की बात करें तो इसमें 123.92सीसी का एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 8.19 बीएचपी की पावर और 10.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन स्मूद परफॉर्मेंस और अच्छी फ्यूल एफिशिएंसी के लिए जाना जाता है। होंडा डिओ 125 एक्स-एडिशन के आने वाले हफ्तों में भारतीय बाजार में लॉन्च होने की उम्मीद है और इसकी अनुमानित एक्स-शोरूम कीमत 93,000 से 93,500 रुपये के बीच हो सकती है। स्पोर्टी डिजाइन और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ यह स्कूटर युवाओं के लिए एक मजबूत विकल्प बनकर उभर सकता है। यह स्कूटर खासतौर पर युवा ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का कॉम्बिनेशन चाहते हैं।

# फरवरी में बढ़ेगी गर्मी, रबी फसलों पर मंडराया खतरा



**- उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान सामान्य से अधिक, बारिश औसत से कम रहने का अनुमान**

**नई दिल्ली ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने फरवरी महीने के लिए जारी मासिक पूर्वानुमान में चेतावनी दी है कि इस साल देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है, जबकि बारिश औसत से कम होने की संभावना है। खासतौर पर उत्तर-पश्चिम भारत में कम बारिश और बढ़ते तापमान से रबी की खड़ी फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई गई है। आईएमडी के अनुसार पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में फरवरी के दौरान अधिक तापमान के कारण रबी फसलों की वृद्धि तेज हो सकती है। इससे गेहूं और जौ जैसी फसलें समय से पहले पक सकती हैं, जिसे जबरन पकाव कहा जाता है। इसका नतीजा बालियों का आंशिक रूप से बंजर होना और दानों का हल्का रहना हो सकता है, जिससे कुल पैदावार घटने की आशंका है। सरसों, चना, मसूर और मटर जैसी फसलों में सामान्य से अधिक तापमान जल्दी फूल आने और समय से पहले पकने का कारण बन सकता है। इससे फलियां पूरी तरह विकसित नहीं होंगी और बीज छोटे रह सकते हैं। साथ ही गर्म मौसम में एफिड्स और अन्य चूसने वाले कीटों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आलू, प्याज, लहसुन, टमाटर, फूलगोभी और बंदगोभी जैसी सब्जियों में अधिक तापमान कंद, फूल और फल विकास को प्रभावित कर सकता है।

फलों में आम, सिट्रस, केला और अंगूर में जल्दी फूल आने, असमान फल लगने और फल झड़ने की संभावना बढ़ सकती है। आईएमडी ने बताया कि उत्तर भारत में बोया गया 80 प्रतिशत से अधिक गेहूं गर्मी सहन करने वाली किस्मों का है और सिंचाई सुविधाएं भी बेहतर हुई हैं। इसके बावजूद किसानों को मौसम के अनुसार फसल प्रबंधन और कृषि विभाग की सलाह पर अमल करने की जरूरत है।

# बीएमडब्ल्यू ने इलेक्ट्रिक सेडान आई7 के साथ रचा नया इतिहास

**नई दिल्ली ।**



बीएमडब्ल्यू ने लग्जरी इलेक्ट्रिक कार बाजार में अपनी फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक सेडान आई7 के साथ नया इतिहास रच दिया है। 2.05 करोड़ रुपये की शुरुआती कीमत वाली यह कार बीएमडब्ल्यू इंडिया की लाइन-अप में सबसे प्रीमियम इलेक्ट्रिक सेडान मानी जाती है। बीएमडब्ल्यू आई7की भारत में बिक्री 1,000 यूनिट के आंकड़े को पार कर चुकी है, जो कि कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उन ग्राहकों के लिए डिज़ाइन की गई है, जो हाई-परफॉर्मेंस, अत्याधुनिक तकनीक और अल्ट्रा-लक्जरी फीचर्स वाली इलेक्ट्रिक कार की तलाश में हैं।

बीएमडब्ल्यू आई7 ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ हरदीप सिंह बरार के अनुसार, आई7 की बढ़ती बिक्री यह संदेश देती है कि भारत के प्रीमियम ग्राहक अब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को पूरी तरह अपनाने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि बीएमडब्ल्यू आई7 सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो डिज़ाइन, लग्जरी और एक्शन में अपनी श्रेणी की सबसे अलग पहचान बनाती है। डिजाइन की बात करें तो आई 7 एक फ्यूचरिस्टिक लुक वाली कार है, जिसमें इल्यूमिनेटेड किडनी ग्रिल, प्रीमियम ड्यूल-हेडलैंप सेटअप और दमदार रोड प्रेजेंस मिलता है। इंटीरियर में 31-इंच 8के थिएटर स्क्रीन, मसाज और वेंटिलेशन वाली रियर एक्जीक्यूटिव सीटें, कर्व्ड डिजिटल डिस्प्ले और लक्जरी फिनिश इसे एक चलते-फिरते 5-स्टार लाउंज जैसा अनुभव देती हैं। बीएमडब्ल्यू इंडिया के लिए आई 7 उसकी इलेक्ट्रिक रणनीति का केंद्र मानी जा रही है।

कंपनी अब अपने ईवी पोर्टफोलियो का विस्तार तेज़ी से कर रही है। आई 7 की सफलता यह साबित करती है कि भारत में लग्जरी इलेक्ट्रिक कारों का भविष्य बेहद उज्ज्वल है और ग्राहक अब नई तकनीक और टिकाऊ मोबिलिटी को अपनाने के लिए पहले से अधिक तैयार हैं। परफॉर्मेंस की बात करें तो बीएमडब्ल्यू आई7 कंपनी की 5वीं जेनरेशन ईड्राइव तकनीक से लैस है और 449 एचपी की पावर तथा 650 एनएम का टॉर्क जेनरेट करती है। यह कार मात्र 5.5 सेकंड में 0 से 100 किमी./घंटा की स्पीड पकड़ लेती है।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 1546 अंक टूटा

***निफ्टी 495 अंक नीचे आया, निवेशकों के 9.55 लाख करोड़ डूबे***

मुम्बई । भारतीय शेयर बाजार बजट के कारण रविवार को खुला रहा पर इस विशेष कारोबारी सत्र में भारी गिरावट रही। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट 2026 भाषण शुरु होते ही बाजार गिरने लगा और अंत तक यही स्थिति रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1546.84 अंक की गिरावट के साथ ही 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई (निफ्टी) अंत में 495.20 अंक टूटकर गिरकर 24,825.45 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनसार बजट में सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाने की घोषणा से बाजार में गिरावट आई है क्योंकि इससे विदेशी निवेशकों में बिकवाली की आशंका बढ़ गयी। इससे बेंचमार्क इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा गिर गए। इसके साथ ही मेटल स्टॉक्स में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कमोडिटी फ्यूचर्स पर एसटीटी को 0.02 फीसदी से बढ़ाकर 0.05 फीसदी करने की घोषणा की है। प्रस्ताव के तहत ऑप्शंस प्रीमियम पर एसटीटी को 0.1 फीसदी से बढ़ाकर 0.15 फीसदी कर दिया गया है।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में एसबीआई का शेयर सबसे ज्यादा गिरा। इसमें 5.61 फीसदी की गिरावट रही। वहीं अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, टाटा स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, मारुति, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर नीचे आये। वहीं दूसरी ओर टीसीएस लगभग 2 फीसदी उछलकर बंद हुआ। इसके अलावा इंफोसिस, सन फार्मा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही।

वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2.24 फीसदी नीचे आया जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2.73 फीसदी गिरा। आज आईटी को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स में बिकवाली हावी रही। निफ्टी पीएसयू बैंक 5.57 फीसदी नीचे आया। इसके बाद निफ्टी मेटल 4.05 फीसदी, ऑटो 2.09 फीसदी, बैंक 2 फीसदी, फाइनेंशियल सर्विसेज 2.31 फीसदी, एफएमसीजी 2.29 फीसदी, रियल्टी 2.22 फीसदी नीचे आये।

वित्त मंत्री ने कहा कि हम विकसित भारत के विजन की तरफ काम करते रहेंगे। हम ग्लोबल मार्केट के साथ लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट के विजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि हम दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की तरफ बढ़ रहे हैं।

वहीं वैश्विक स्तर पर शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट पर बंद हुए थे। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वार्श को फेड चेयर जेरोम पॉवेल के उत्तराधिकारी के रूप में नामित करना रहा।

एसएंडपी 500 में 0.43 फीसदी की गिरावट आई जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 0.36 फीसदी नीचे रहा।

वहीं एशियाई बाजार भी शुक्रवार को ज्यादातर नुकसान के साथ बंद हुए थे। ।

चीन का शंघाई कंपोजिट 0.96 फीसदी गिरा, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.65 फीसदी और जापान का निक्केई 225 में 0.09 फीसदी की मामूली गिरावट रही पर दक्षिा कोरिया का कोस्पी 0.06 फीसदी टूटकर बंद हुआ।

वहीं इससे पहले आज केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित विशेष कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई।

## एक्सपोर्ट में क्रेटा-स्कार्पियो पीछे छोडा टोयोटा हायराइडर को

**नई दिल्ली ।** एक्सपोर्ट के मामले में टोयोटा हाइराइडर ने सभी मॉडलों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। हाल ही में भारतीय बाजार के बाहर सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट होने वाली एसयूवी की सूची सामने आई है। बीते महीने दिसंबर 2025 में टोयोटा हायराइडर की 5,164 यूनिटें विदेश भेजी गईं, जो इसे इस सेगमेंट की सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट होने वाली एसयूवी बनाता है। खास बात यह है कि देश में लगातार टॉप पर रहने वाली नेक्सन, क्रेटा और स्कॉर्पियो जैसी एसयूवी भी एक्सपोर्ट में इसके सामने टिक नहीं पाईं। दूसरे स्थान पर मारुति सुजुकी जिम्नी रही जिसकी 4,592 यूनिटें एक्सपोर्ट हुईं। वहीं ई-विटारा की 2,724 और फ्रोंक्स की 2,390 यूनिटें विदेशों में भेजी गईं। हालांकि फ्रोंक्स ने पिछली बार की तुलना में काफी गिरावट दर्ज की। महिंद्रा की एक्सयूवी 3एक्सह्न ने 999 यूनिट एक्सपोर्ट कर अपनी मौजूदगी मजबूत की। किया सोनेट की 966 और ग्रैंड विटारा की 849 यूनिटें एक्सपोर्ट हुईं। रेनॉ काइगर ने भी इस बार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 751 यूनिटें एक्सपोर्ट कीं, जो पिछले साल के मुकाबले बेहतर है। क्रेटा की 511 और अल्कजार की 450 यूनिटें एक्सपोर्ट हुईं। मारुति ब्रेजा की केवल 53 और स्कॉर्पियो की 50 यूनिटें ही विदेशी बाजार में भेजी गईं, जबकि उनके घरेलू बाजार में यह आंकड़ा बहुत बड़ा रहता है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि टोयोटा हायराइडर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

## बाजार में जोरदार गिरावट से निवेशकों को 16 लाख करोड़ का नुकसान

**- बाजार का मार्केट कैप बजट वाले दिन घटकर 4,44,34,637.85 करोड़ रुपए रह गया**

**मुंबई ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार बजट पेश किए जाने के बाद भारतीय शेयर बाजार में रविवार, 1 फरवरी को इंट्राडे कारोबार के दौरान जोरदार गिरावट देखने को मिली। अचानक मार्केट क्रैश के कारण निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बजट में राजकोषीय अनुशासन के साथ आर्थिक विकास पर जोर दिया गया लेकिन सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी के प्रस्ताव से बाजार की धारणा कमजोर पड़ गई। बजट के दिन विशेष कारोबारी सत्र में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स एक समय 2,400 अंक तक टूट गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 79,899.42 अंक के दिन के निचले स्तर तक फिसल गया। सुबह सेंसेक्स 82,388.97 अंक पर खुला था और शुरुआती कारोबार में 82,726.65 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में भी भारी दबाव देखने को मिला। निफ्टी 50 इंडेक्स में कारोबार के दौरान करीब 749 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 24,571.75 अंक के निचले स्तर तक आ गया। बाजार में आई इस तेज गिरावट का मुख्य कारण फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस कारोबार पर सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रहा। बजट में फ्यूचर्स पर एसटीटी को 0.02 फीसदी से बढ़ाकर 0.05 फीसदी करने और ऑप्शंस ट्रांजैक्शन पर एसटीटी को 0.01 फीसदी से बढ़ाकर 0.15 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस घोषणा के बाद एफएंडओ से जुड़े शेयरों में तेज बिकवाली देखी गई। बाजार में आई गिरावट का सीधा असर निवेशकों की संपत्ति पर पड़ा। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को बाजार का कुल मार्केट कैप 4,60,02,240.35 करोड़ रुपए था, जो बजट वाले दिन घटकर 4,44,34,637.85 करोड़ रुपए रह गया।

# वित्तमंत्री सीतारमण ने MSME के लिए 10,000 करोड़ रु मुहैया कराने साथ 4 उपायों का रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने हमेशा निर्णायक रूप से अस्पष्टता की जगह काम को, बातों की जगह सुधार को और लोक-लुभावन नीतियों की जगह लोगों को प्राथमिकता दी है। संसद में आज बजट 2026-27 में कहा कि सरकार तीन कर्तव्यों से प्रेरित है। इनमें से पहला कर्तव्य- आर्थिक विकास को गति देते हुए इसे निरंतर कायम रखना है तथा उत्पादकता व प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हुए अस्थिर वैश्विक स्थिति के इस दौर में मजबूती कायम रखना है।

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को विकास का मत्वपूर्ण इंजन करार देते हुए वित्त मंत्री ने इसके विकास के लिए तीन सूत्रीय दृष्टिकोण का प्रस्ताव रखा। इनमें पहला इक्विटि समर्थन है जिसमें उन्होंने लघु तथा मध्यम उद्यम के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए का एक समर्पित निधि का प्रस्ताव रखा है। इसके अंतर्गत चुनिंदा मानकों पर भविष्य में उत्कृष्ट उद्यमों का सृजन करना है। वित्त मंत्री ने वर्ष 2021 में स्थापित आत्मनिर्भर भारत कोष में बढ़ोतरी के लिए 2,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को मदद पहुंचाना और जोखिम पूंजी तक उनकी पहुंच बनाए रखना है।



व्यवसायगत सहायता पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि खासकर टियर-2 और टियर-3 नगरों में 'कॉर्पोरेट मित्रों' के समूह का विकास के लिए के लिए अल्पावधि की मॉड्यूलर पाठ्यक्रमों और व्यवहारिक टूल्स की डिजाइन के लिए सरकार आईसीएआई, आईसीएसआई, आईसीएमएआई जैसे संस्थानों की मदद करेगी। ये यह प्रणाणित अर्ध-पेशेवर एमएसएमई को कम लागत पर अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रकम की व्यवस्था की है। इसकी क्षमता का पूरा फायदा उठाने के लिए उन्होंने 4 उपायों का प्रस्ताव रखा है-

**(i)** एमएसएमई से सावर्जनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा समस्त खरीदों के लिए ट्रेड्स को लेन-देन निपटान प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग करने का अधिदेश करना,

**(ii)** ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर बीजक छूट के लिए सीजीटीएमएसई के जरिये ऋण गारंटी सहायता तंत्र की शुरुआत करना,

**(iii)** एमएसएमई से सरकारी खरीदों के बारे में फाइनेंसर्स तक जानकारी साझा करने के लिए जीईएम को टीआरईडीएस को जोड़ना,

**(iv)** ट्रेड्स प्राप्तियों को आस्ति-समर्थित प्रतिभूतियों के रूप में प्रस्तुत करना। इसका उद्देश्य नगदी एवं लेनदेनों के निपटान करते हुए एक दूसरा बाजार विकसित करना है।

## जनवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 1.93 लाख करोड़, मजबूत बढ़ोतरी जारी

**- जीएसटी कलेक्शन में 6.2 फीसदी की वार्षिक बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली ।** जनवरी 2026 में भारत का कुल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) संग्रह 1.93 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी महीने के मुकाबले 6.2 फीसदी अधिक है। यह दिसंबर 2025 के 1.75 लाख करोड़ रुपये से भी ऊपर है। शुद्ध जीएसटी राजस्व करीब 1.71 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कुल जीएसटी रिफंड में 3.1 फीसदी की गिरावट हुई और यह 22,665 करोड़ रुपये पर रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, रिफंड में कमी के बावजूद कर संग्रह में स्थिरता आर्थिक गतिविधियों और मजबूत टैक्स कलेक्शन को दर्शाती है। जनवरी में तंबाकू उत्पादों से उपकर 5,768 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष जनवरी के 13,009 करोड़ रुपये की तुलना में काफी कम है, क्योंकि सरकार ने सितंबर 2025 से विलासिता और हानिकारक वस्तुओं पर उपकर घटा दिया और केवल तंबाकू तथा संबंधित उत्पादों पर क्षतिपूर्ति उपकर लागू किया। घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 4.8 फीसदी बढ़कर 1.41 लाख करोड़ रुपये हुआ, जबकि आयात से राजस्व 10.1 फीसदी बढ़कर 52,253 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के बावजूद टैक्स कलेक्शन मजबूत बना हुआ है। दिसंबर 2025 में कुल जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें नेट जीएसटी 1.45 लाख करोड़ रुपये था। घरेलू जीएसटी 1.22 लाख करोड़ और आयात जीएसटी 51,977 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस अवधि में रिफंड 28,980 करोड़ रुपये तक पहुंचा। विश्लेषक मानते हैं कि जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद संग्रह में तेजी से आर्थिक मजबूती और कर प्रशासन की दक्षता दर्शाती है।

# ईरान और अमेरिका के बीच जंग हुई तो खतरे में पड़ जाएगी दुनिया की अर्थव्यवस्था

**तेहरान।**

मिडिल ईस्ट इस समय एक बेहद संवेदनशील और तनावपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती तल्खी ने युद्ध जैसी स्थिति पैदा कर दी है। दोनों देशों के बीच जुबानी जंग अब सैन्य शक्ति प्रदर्शन में तब्दील हो चुकी है। ईरान ने स्पष्ट लहजे में कहा है कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मूज पर उसकी पकड़ मजबूत है और वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिका ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में किसी भी असुरक्षित या उकसावे वाली कार्रवाई को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बढ़ते टकराव के बीच अरब देशों, अरब लीग और कई वैश्विक शक्तियों ने चिंता जताई है कि यदि हालात बिगड़े, तो इसका खामियाजा सिर्फ मिडिल ईस्ट को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा।

वजह ये है कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। ईरान और अमेरिका के रिश्तों में यह कड़वाहट नई नहीं है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां पहले के मुकाबले अधिक विस्फोटक नजर आ रही हैं। ईरान के भीतर बढ़ता आर्थिक संकट, बेरोजगारी और मुद्रा के गिरते मूल्य ने वहां की आंतरिक स्थिति को अस्थिर कर दिया है, जिससे उपजे सरकार विरोधी प्रदर्शनों और उन पर हुई सुरक्षा बलों की कार्रवाई ने मानवाधिकारों का मुद्दा गरमा दिया है। अमेरिका ने इन घटनाओं के आधार पर ईरान पर नए कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल से शुरू हुआ ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विवाद एक बार फिर केंद्र में है। अमेरिका का रुख सख्त है कि यदि ईरान वार्ता की मेज पर नहीं आता, तो उसके खिलाफ सैन्य विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। तनाव का मुख्य केंद्र इस समय स्ट्रेट ऑफ होर्मूज बना हुआ है, जिसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ माना जाता है। दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा और भारी मात्रा में गैस इसी संकरे रास्ते से गुजरती है। सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे बड़े तेल निर्यातक इसी रूट पर निर्भर हैं। वर्तमान में ईरान की नौसेना यहां अपना वार्षिक युद्धाभ्यास कर रही है, जो दुनिया को उसकी सैन्य शक्ति दिखाने का एक तरीका है।

## तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी के दाम 49 रुपए बढ़ाए

**- दिल्ली में 19 किलो वाले गैस सिलेंडर की कीमत 1,740.50 रुपए पहुंची**

**नई दिल्ली ।** तेल कंपनियों ने रविवार को 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 49 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब कमर्शियल सिलेंडर 1,740.50 रुपये में मिलेगा। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलो) के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस फैसले से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और कैटरिंग कारोबार से जुड़े लोगों पर सीधा असर पड़ा है। गैस महंगी होने से खाना बनाने की लागत बढ़ गई है, जिससे कारोबारियों की परेशानियां फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी तेल कंपनियां कमर्शियल गैस की कीमतें बढ़ा चुकी हैं। पिछली बार 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम में 111 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत 1,580.50 रुपये से बढ़कर 1,691.50 रुपये हो गई थी। हालांकि बीते कुछ महीनों में कमर्शियल गैस के दाम अपेक्षाकृत नरम रहे थे। अप्रैल 2025 से अब तक छह बार कीमतों में कटौती की गई थी और कुल मिलाकर 223 रुपये तक की राहत मिली थी। लेकिन अब लगातार बढ़ोतरी से एक बार फिर कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है।

## हुंदै मोटर इंडिया की जनवरी में बिक्री 11.5 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया ने जनवरी 2025 में कुल 73,137 इकाई की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल जनवरी में 65,603 इकाई थी। कंपनी के अनुसार यह कुल बिक्री में 11.5 प्रतिशत की मजबूत सालाना वृद्धि दर्शाती है। घरेलू थोक बिक्री जनवरी 2025 में 59,107 इकाई रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 54,003 इकाई थी। यह हुंदै के घरेलू बाजार में अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री है। निर्यात बिक्री भी मजबूत रही। जनवरी 2025 में 14,030 इकाई निर्यात की गईं, जबकि जनवरी 2024 में यह संख्या 11,600 इकाई थी, यानी लगभग 21 फीसदी वृद्धि। हुंदै मोटर इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि ये आंकड़े सिर्फ ब्रांड नेतृत्व नहीं बल्कि कर्मचारियों, भागीदारों और ग्राहकों की सामूहिक सफलता को भी दर्शाते हैं। कुल मिलाकर हुंदै मोटर इंडिया ने जनवरी में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें घरेलू बिक्री ने रिकॉर्ड तोड़ा और निर्यात में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज हुई।

# दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी में आज होगा डब्ल्यूपीएल फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट के फाइनल में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी। अब तक दोनो ही टीमों ने इस टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। दिल्ली ने गुजरात जायंट्स को एलिमिनेटर मुकाबले में सात विकेट से हराकर चौथी बार फाइनल में जगह बनायी है। वहीं लीग की अंकतालिका मे शीर्ष प रहकर आरसीबी ने सीधे फाइनल में प्रवेश किया।

एलीमिनेटर मुकाबले में दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स को सात विकेट पर 168 रनों पर ही रोक दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को 15.4 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 रन और लौरा वोल्वर्डट ने 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। वहीं जायंट्स के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो विकेट लिए।

इस सत्र में आरसीबी ने दमदार खेल दिखाया है। लीग राउंड में आरसीबी ने लगातार 5 मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बनायी थी। सत्र सीजन के 15वें मैच में दिल्ली ने आरसीबी को 7 विकेट से हराया था। वह मुकाबला भी वडोदरा में ही खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अभी तक 9 मुकाबले हुए हैं। इसमें दिल्ली ने 6 जीते हैं जबकि आरसीबी ने तीन मैच जीते हैं।



**टीम इस प्रकार है**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** स्मृति मंधाना (कप्तान), ग्रेस हैरिस, जॉर्जिया वोल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, प्रथ्योषा कुमार, अरुंधति रेड्डी, दयालन हेमलता, पूजा वस्त्राकर, लिन्से स्मिथ।

**दिल्ली कैपिटल्स-** जेमिमाह रोड्रिग्स (कप्तान),शैफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), लौरा वोल्वाईट, मारिज़ैन कप्प, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, लुसी हैमिल्टन, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया, अलाना किंग, चिनेले हेनरी, प्रगति सिंह, एडडला सुजाना।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत की ईशा ने जीते दो स्वर्ण, पुरुष वर्ग में सम्राट को मिला कांस्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते है। ईशा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया ओलंपियन ईशा ने फाइनल में शुरुआत में पीछे होने के बाद भी शानदार वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पर निशाना लगाया। उन्होंने चीनी ताइपे की चेंग येन चिंग 235.4 और यू ऐ वेन 217.7 को पीछे छोड़ा। इसी के साथ ही ईशा ने सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण जीता है। वहीं भारत की ही सुरुचि सिंह फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। वहीं ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि ने 576 अंक, जबकि ईशा और मनु ने 575-575 अंक हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में सुरुचि 576, मनु 575 और ईशा 575 की तिकड़ी ने कुल 1726 अंक जुटाकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। वियतनाम और चीनी ताइपे दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।वहीं पुरुष वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के विश्व चैंपियन सम्राट राणा से फाइनल में असफल रहे और 220.3 अंक के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर पाये। उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने स्वर्ण पदक जीता।पुरुष टीम स्पर्धा में सम्राट राणा 581, श्रवण कुमार 578 और वरुण तोमर 573 ने कुल 1732 अंक हासिल किये।

# भारत, इंग्लैंड, सहित ये चार टीमें टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंचेंगी : वॉन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से शुरु हो रहे टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार संभावित टीमों के नाम बताये हैं। वॉन के अनुसार भारत, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीमें अंतिम चार में पहुंच सकती हैं। वॉन की इस सूची में पिछले साल की उपविजेता दक्षिा अफ्रीका का नाम नहीं है। वॉन के अनुसार इस बार दक्षिण अफ्रीकी टीम की संभावनाएं काफी कम है।

वॉन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे अनुसार भारत, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल के प्रबल दावेदार हैं। इस बार टी20 विश्वकप का प्रारुप 2024 संस्करण जैसा ही रहेगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष-10 20 रैंकिंग वाली टीमों में से 9 टीमें हिस्सा लेंगी। वॉन ने लिखा, टी20 विश्व कप 2026 में मेरे अनुसार मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। इस बार कुल 20 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी आएंगी। शीर्ष 10 रैंक वाली टीमों में से नौ टीमें खेलेंगी। इस बार बांग्लादेश ने इन टूर्नामेंट का बहिष्कार किया है। ऐसे में उसकी जगह पर स्कॉटलैंड की टीम उतरेगी।

ग्रुप चरण में पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप होंगे। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सुपर 8 चरण में जाएंगी। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, नामीबिया और अमेरिका के साथ है। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा, उसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया और 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से खेलेगी। वहीं पाकिस्तान की टीम 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच से बाहर रहेगी। ऐसे में इस मैच में भारतीय टीम को बिना खेले ही वॉकओवर की स्थिति में भारत को पूरे अंक मिलेंगे।

इंग्लैंड को ग्रुप सी में रखा गया है। इंग्लैंड की आठ फरवरी को नेपाल, 11 फरवरी को वेस्टइंडीज , 14 फरवरी को स्कॉटलैंड और 16 फरवरी को इटली से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है, जहां उसका सामना आयरलैंड से 11 फरवरी, जिम्बाब्वे से 13 फरवरी, श्रीलंका से 16 फरवरी और ओमान से 20 फरवरी को होगा। न्यूजीलैंड ग्रुप डी में है, जिसमें अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा शामिल। न्यूजीलैंड टीम 8 फरवरी को अफगानिस्तान, 10 फरवरी को यूएई, 14 फरवरी को साउथ अफ्रीका और 17 फरवरी को कनाडा के विरुद्ध खेलेगी।

# आईसीसी टी20आई रैंकिंग : ईशान किशन की बड़ी छलांग, टॉप-10 में ये तीन भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत का दबदबा साफ नजर आ रहा है। ताज़ा सूची में अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉप-10 में जगह बनाए हुए हैं और तिलक वर्मा भी बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल हैं। इसी बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार वापसी सीरीज के बाद 32 पायदान की छलांग लगाते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें स्थान पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बाएं हाथ के ईशान किशन ने महज तीन मैचों में 207 रन बनाए, जिसमें उनका पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक भी शामिल रहा। टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले जारी हुई इस रैंकिंग ने किशन की मजबूत फॉर्म पर मुहर लगा दी है।



**सूर्यकुमार यादव को फायदा, अभिषेक शर्मा कायम शीर्ष पर**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी रैंकिंग में आगे बढ़ते हुए पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, युवा ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

**साइम अयूब बने नंबर-1 टी20इ ऑलराउंडर**

पाकिस्तान के ओपनर साइम अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर टी20इ ऑलराउंडर्स रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसमें 23 वर्षीय अयूब ने 119 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी झटके। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को शीर्ष स्थान से हटाया।

**पाकिस्तानी गेंदबाजों को भी फायदा**

पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर अब्रार अहमद ने भी बड़ी छलांग लगाते हुए गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। वह शीर्ष पर काबिज वरुण चक्रवर्ती से अब सिर्फ 28 अंक पीछे हैं। ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज, जिन्होंने सीरीज में पांच विकेट लिए थे, गेंदबाजों की सूची में आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए।

**अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव**

इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल राशिद दो पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर आठ स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 23वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की टॉप-10 सूची में भी बदलाव देखने को मिला—इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो बटलर तीसरे स्थान पर पहुंचे, श्रीलंका के पथुम निसांका पांचवें और न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट नौवें स्थान पर पहुंच गए।

दक्षिण अफ्रीका के ओपनर रयान रिकेल्टन ने 42 स्थान की छलांग लगाकर 40वां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 16 पायदान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए। शानदार शतक जड़ने वाले क्विंटन डी कॉक को भी फायदा मिला और वह 15 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर पहुंच गए।

# बार्सिलोना ने अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा सेमीफाइनल में



मैड्रिड। लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने मंगलवार को दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था। बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

# टी20 विश्वकप में अश्विन का रिकार्ड तोड़ सकते हैं बुमराह और अर्शदीप

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ समय में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है। उसको देखते हुए टीम को इस बार टूर्नामेंट में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह पर भी इस टूर्नामेंट में सबकी नजरें रहेंगी। ये दोनो ही इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने के नये रिकार्ड बना सकते हैं। बुमराह और अर्शदीप का प्रदर्शन पहले भी अच्छा रहा है और इस बार भी ये दोनो नये रिकार्ड बना सकते है। इन दोनों के पास इस बार दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के सबसे अधिक 32 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का अवसर है।

**जसप्रीत बुमराह-** बुमराह ने अब तक 5 टी 20 विश्व कप खेले हैं और वह टी20 इतिहास में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं। बुमराह ने 2016 से 2024 तक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 18 मैचों में 5.44 की शानदार इकॉनमी से 26 विकेट लिए हैं।

**अर्शदीप सिंह-** अर्शदीप ने अब तक टी20 विश्वकप के दो संस्करणों में 27 विकेट लिए हैं। अर्शदीप सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में कुल मिलाकर 22वें स्थान पर हैं, जहां उनके साथ न्यूज़ीलैंड के ईश सोढ़ी और वेस्टइंडीज़ के ड्वेन ब्रावो भी शामिल हैं। हाल में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था।

**आर अश्विन-**पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय और स्पिन गेंदबाज़ी के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन के नाम आईसीसी टीम विश्वकप इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने भारतीय गेंदबाज हैं। साल 2012 से 2022 तक टूर्नामेंट खेलने वाले अश्विन ने 24 मैचों में 6.49 की इकॉनमी से 32 विकेट लिए हैं। ओवरऑल रैंकिंग में वह मिचेल स्टार्क के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में भी श्रीलंका को हराकर 3-0 से सीरीज जीती

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने यहां तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में भी मेजबान श्रीलंकाई टीम को करीबी मुकाबले में 12 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज जीत ली है। पहले दोनों मुकाबले भी श्रीलंकाई टीम हारी थी। टी20 विश्वकप के ठीक पहले मिली इस करारी हार से श्रीलंकाई टीम को करारा झटका लगा है। इससे उसकी विश्वकप के लिए तैयारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। तीसरे टी20 में सैम करन की करन के 48 गेंदों में 58 रनों की सहायता से इंग्लैंड की टीम ने 128 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का सामना करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.3 ओवर में 116 रनों पर ही आउट हो गयी और इस प्रकार 12 रनों से मैच हार गयी। इस मैच में इंग्लैंड की टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर टीम के बल्लेबाज असफल रहे। पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 28 रन ही बना पायी।




सैम करन के 58 रनों की पारी के अलावा कई अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाया। इंग्लैंड की ओर से केवल 3 बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। सैम करन के अलावा जोस बटलर ने 25 और लियाम डॉसन ने 14 रन बनाए। इसके बाद 129 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजी भी ढेर हो गयी। उसके पांच बल्लेबाजों ने दो अंकों को पार किया पर कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। , कुसल मेंडिस ने 26 रन , पथुम निसंका ने 23 जबकि जनित लियानगे ने 17 रन बनाये, कमिंदु मेंडिस ने 14 जबकि पवन रथनायके ने 13 रन बनाये। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथेल ने 4 जबकि विल जैक्स ने 3 विकेट लिए।

# पूर्व पाक कप्तान राशिद लतीफ को अब भी भारत-पाक मैच होने की उम्मीद

लाहौर । पाकिस्तान ने जबसे टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की बात कही है। जिसके बाद से ही इस मामले को लेकर क्रिकेट जगत में घमासान मचा है। ये अटकलें लगायी जा रही है कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) किस प्रकार के कदम उठाता है। वहीं इस सब के बीच ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने दावा किया है कि उन्हें अब भी कोलंबो में भारत पाकिस्तान मैच के होने की उम्मीदें हैं। लतीफ ने कहा, मेरा मानना है कि यह फैसला सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईसीसी के काम करने के तरीके पर भी पड़ेगा। यह कोई रूटीन फैसला नहीं है। इसमें बातचीत के बाद बदलाव हो सकते हैं। एक फैसले में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का माहौल बदलने की क्षमताएं हैं। भारत-पाकिस्तान मुकाबला किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक मैच माना जाता है, जिसे देखने वालों की संख्या अन्य मैचों से कहीं अधिक होती है। विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रायोजकों की रुचि और प्रसारण राजस्व भी इसी मैच से आता है। लतीफ का मानना है कि अभी जो भी कहा जा रहा है वह अलग बात है पर 15 फरवरी को दोनो के बीच मैच होने की संभावनाएं बनी हुई हैं। साथ ही कहा कि क्रिकेट से कारोबार भी जुड़ा है। इसके फैसले राजनीतिक स्तर पर लिए जाते हैं जिनका पालन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीस) करती है।

# भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल में जीत से शुरुआत की



लानुसिया (एजेंसी)। भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ शुरुआत की है। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज उतरे हैं। इसमें भारतीय मुक्केबाजों ने अपने शुरुआती मुकाबले जीत लिये हैं। भारत के हितेश गुलिया ने पुरुषों के एलीट 70 किग्रा वर्ग में अपने जबरदस्त प्रहारों से नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 से हराया। वहीं महिलाओं के एलीट 54 किग्रा वर्ग में प्रीति ने कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में प्रीति के अलावा भारत ही प्राची ने 57 किग्रा और प्रिया ने 60 किग्रा भार वर्ग में स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो को 5-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। भारत की की काजल ने 65 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की असीम तनातार को 4-1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में हितेश के अलावा सचिन ने 60 किग्रा भार वर्ग में मेजबान स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से हराया जबकि जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन ने 60 किग्रा वर्ग में डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से पराजित किया। अभिनाश जमवाल 65 किग्रा भार वर्ग में डेनमार्क के कालिद उस्मान को एकतरफ मुकाबले में 5-0 से हराने में सफल रहे। इसके अलावपा दीपक, आकाश और अंकुश भी जीत के साथ ही अगले दौर में पहुंच गये है। दीपक ने 70 किग्रा भार वर्ग में बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। वहीं आकाश ने 75 किग्रा और अंकुश ने 80 किग्रा भाग वर्ग में भी 4-1 के अंतर से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।

# मौजूदा भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम: धोनी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम की संभावनाओं पर भरोसा जताया है। विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि टीम इंडिया के पास अनुभव, कौशल और संतुलन का सही मिश्रण है।

धोनी ने इस बात पर जोर दिया कि टीम की ताकत इस बात पर निर्भर करती है कि खिलाड़ी दबाव वाली स्थितियों को कितनी अच्छी तरह से संभालते हैं और उनका रोल कितने अच्छे से तय है। खिलाड़ी हमेशा मैच के लिए तैयार रहते हैं, चाहे वह बैटिंग हो या बॉलिंग, जिससे भारत को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर एक महत्वपूर्ण बढ़त मिलती है।

धोनी ने कहा, 'यह सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। आप जानते हैं, उन्होंने (भारतीय खिलाड़ी) पहले ही बैटिंग या बॉलिंग शुरू कर दी होगी, लेकिन एक अच्छी टीम में क्या चाहिए? सब कुछ है। उनके पास अनुभव है। खासकर जब इस फॉर्मेट की बात आती है, तो अनुभव बहुत ज्यादा है। उन्होंने दबाव में खेला है। जो भी खिलाड़ी टीम में जो भी भूमिका निभा रहे हैं, वे काफी समय से उस स्थिति में रहे हैं।'

हालांकि धोनी आशावादी नजर आ रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि ओस व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सबसे सावधानी से बनाई गई योजनाओं को भी खराब कर सकती है। माही के मुताबिक, ओस परिस्थितियों को काफी प्रभावित कर सकती है। टॉस के फैसलों को महत्वपूर्ण बना सकती है, जिससे मैचों में संभावित रूप से अनुचित फायदे हो सकते हैं।

धोनी ने कहा, 'मुझे किस बात की चिंता है? मुझे ओस से नफरत है। ओस बहुत सी चीजें बदल देती है। इसलिए, जब मैं खेलता था, तो एक चीज जो मुझे सच में डराती थी, वह थी ओस। अगर हम कुछ बेहतरीन टीमों के साथ 10 मैच खेलते हैं, तो हम ज्यादातर बार विजेता बनकर उभरेंगे। अगर स्थितियां न्यूट्रल रहती हैं।'

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने यह भी बताया कि टी20 क्रिकेट अप्रत्याशित होता है, जहां एक खराब खेल या विपक्षी टीम का शानदार प्रदर्शन परिणाम को पूरी तरह से बदल सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'समस्या तब होती है जब आपके कुछ खिलाड़ी अच्छा नहीं खेलते और विपक्षी टीम का कोई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करता है। टी20 ग्रुप में ऐसा हो सकता है। तो, यही वह समय है। चाहे यह लीग स्टेज में हो, चाहे यह नॉकआउट स्टेज में हो, यहीं पर दुआओं की जरूरत होती है। आप जानते हैं, किसी को चोट नहीं लगनी चाहिए। जो भी भूमिकाएं दी गई हैं, लोगों को टीम के लिए अपनी भूमिकाएं निभानी चाहिए।'

# शनाका की कप्तानी में टी20 विश्वकप में उतरेगी श्रीलंकाई टीम, मेंडिस की वापसी

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने सात फारवरी से शुरु हो रहे टीम 20 विश्वकप 2026 के लिए दासुन शनाका की कप्तानी में अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में कामिंदु मेंडिस की भी वापसी हुइहै। मेंडिस ने नवंबर 2025 के बाद से ही नहीं खेला है। अब तक खेले गए 35 टी20 मैचों में कामिंदु मेंडिस ने 3 अर्धशतक के साथ ही 540 रन बनाए हैं। चयनकर्ताओं ने पिछले अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अवसर दिया है। वहीं धनंजय डी सिल्वा को टीम से बाहर कर दिया गया है। वहीं चयनकर्ताओं ने अनुभवी ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा को टीम में शामिल नहीं किया है। सिल्वा का प्रदर्शन इस साल की शुरुआत से ही अच्छा नहीं रहा है। वह तीन पारियों में केवल 43 रन बना पाए और गेंदबाजी में भी केवल एक ही विकेट ले पाये थे। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में प्रभावित न कर पाने से चयनकर्ताओं ने उन्हें 15 सदस्यीय स्कॉड से बाहर रखा है। वहीं शनाकाको को अनुभवी होने के कारण कप्तानी दी गई है। टी20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने अब तक 123 टी20 मैचों में 1743 रनों के अलावा 43 विकेट भी लिए हैं। ईशन मलिंगा को भी टीम में शामिल किया है हालांकि उनके खेलने का फैसला फिट होने पर लिया जाएगा। उनकी फिटनेस को लेकर सवाल बने हुए हैं। इस तेज गेंदबाज को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की आ20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में कंधे में चोट लगी थी। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। टीम की बल्लेबाजी पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, चरिथ असलंका और कुसल परेरा पर निर्भर करेगी। इसके अलावा युवा खिलाड़ी पवन रत्नायके को भी टीम में जगह मिली है, जिन्होंने हाल के समय में टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है।

